Drishti IAS

# डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)

## अगस्त भाग-2 2022



Drishti, 641, First Floor,
Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440,
Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

## प्रश्न भाग-2

**1. क्रोनिक फेटीग सिंड्रोम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक गंभीर और दुर्बल करने वाली बीमारी है, जो शरीर में तंत्रिका तंत्र तथा ऊर्जा उत्पादन को प्रभावित करती है।
2. इसे "मायल्जिक एन्सेफेलोमाइलाइटिस" के रूप में भी जाना जाता है।
3. यह केवल पाँच वर्ष की आयु तक के बच्चों को प्रभावित करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 1 और 3
D. केवल 3

**2. मैकेनाइज्ड सेनिटेशन इकोसिस्टम (नमस्ते/ NAMASTE) योजना के लिये राष्ट्रीय कार्य योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई में लगे सभी सफाई कर्मचारियों की गणना करने के लिये एक राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण है।
2. यह हाथ से मैला ढोने वालों के पुनर्वास के लिये स्व-रोजगार योजना (SRMS), 2007 की जगह लेगा।
3. नमस्ते योजना के तहत काम को सुविधाजनक बनाने के लिये नमस्ते पोर्टल शुरू किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**3. रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह रक्षा विज्ञान संगठन के साथ तकनीकी विकास प्रतिष्ठान और तकनीकी विकास तथा उत्पादन निदेशालय के समामेलन से गठित किया गया था।
2. एकीकृत निर्देशित मिसाइल विकास कार्यक्रम (IGMDP) DRDO द्वारा संचालित किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**4. मौलिक कर्तव्यों के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. मौलिक कर्तव्यों का विचार आयरलैंड के संविधान से प्रेरित है।
2. इन्हें 42वें संविधान संशोधन अधिनियम के माध्यम से संविधान में शामिल किया गया था।
3. ये प्रकृति में न्यायोचित हैं।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही विकल्प का चयन कीजिये:**

A. 1, 2, और 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. केवल 2

**नोट :**

**5. महाद्वीपीय विस्थापन सिद्धांत के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह केवल महाद्वीपों के वितरण से संबंधित है।
2. वेगनर ने इस बात की सही व्याख्या की कि महाद्वीप ग्रह के चारों ओर कैसे घूम सकते हैं।
3. इस सिद्धांत के अनुसार, मौजूदा सभी महाद्वीप अतीत में एक बड़े भूखंड 'पैंजिया' से जुड़े हुए थे।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2, और 3

**6. 'उदारशक्ति' अभ्यास भारत और निम्नलिखित में से किस देश के बीच आयोजित किया गया था?**

A. बांग्लादेश
B. श्रीलंका
C. मलेशिया
D. सिंगापुर

**7. हाल ही चर्चा में रही गार्डा झील निम्नलिखित में से किस देश में अवस्थित है?**

A. केन्या
B. तुर्की
C. ज़ाम्बिया
D. इटली

**8. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. श्रीविल्लिपुथुर हाथी रिज़र्व
2. वायनाड हाथी रिज़र्व
3. अगस्त्यमलाई हाथी रिज़र्व
4. अनामुडी हाथी रिज़र्व

उपर्युक्त में से कौन-से हाथी रिज़र्व तमिलनाडु में स्थित है/हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 1 और 4
C. केवल 2 और 4
D. 1,2,3 और 4

**9. सर्वोच्च न्यायालय ( SC ) के न्यायाधीशों की नियुक्ति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. तृतीय न्यायाधीश मामले (1993) में फैसला सुनाया कि भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) के रूप में केवल सर्वोच्च न्यायलय (SC) के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश को ही नियुक्त किया जाना चाहिये।
2. तृतीय न्यायधीश मामले (1993) में सर्वोच्च न्यायलय (SC) जजों की नियुक्ति की अनुशंसा करने के लिये कॉलेजियम की वर्तमान संरचना का निर्माण किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

**10. 'अंत:विषयक साइबर-भौतिक प्रणालियों पर राष्ट्रीय मिशन' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) इसके कार्यान्वयन के लिये नोडल मंत्रालय है।
2. मिशन का उद्देश्य 15 प्रौद्योगिकी नवाचार हब (TIH), छह अनुप्रयोग नवाचार केंद्र (AIH) और चार प्रौद्योगिकी अनुवाद अनुसंधान पार्क (TTRP) की स्थापना करना है।
3. इसके अनुप्रयोग में चालक रहित कारें शामिल हैं जो स्मार्ट सड़कों पर एक-दूसरे के साथ सुरक्षित रूप से संचार करती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**11. महानदी नदी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह गोदावरी और कृष्णा के बाद प्रायद्वीपीय भारत का तीसरी सबसे बड़ी नदी है।
2. यह झारखंड राज्य की सबसे बड़ी नदी है।
3. इसका बेसिन उत्तर में मध्य भारत की पहाड़ियों और दक्षिण में पूर्वी घाट से घिरा हुआ है।

**निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**12. फेडरेशन इंटरनेशनेल डी फुटबॉल एसोसिएशन (फीफा) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एसोसिएशन फुटबॉल, फुटसल और बीच सॉकर का अंतर्राष्ट्रीय शासी निकाय है।
2. इसका मुख्यालय ज्यूरिख में है।

**निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**13. श्री अरबिंदो के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आध्यात्मिक साधकों के समुदाय की स्थापना की।
2. आवर ऑफ गॉड नामक पुस्तक की रचना की।
3. द्वितीय विश्व युद्ध में अंग्रेजों और मित्र देशों की सेना का समर्थन किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. केवल 1, 2 और 3

**14. भारत में बाँध के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. चीन के बाद भारत में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा बाँध है।
2. कल्लनई बाँध भारत का सबसे पुराना बाँध है, जो गंगा नदी पर बना है।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न 1 और ना ही 2

**15. "रानी लक्ष्मीबाई" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उन्हें वर्ष 1857 में भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका के लिये जाना जाता है।
2. उन्होंने तात्या टोपे और नाना साहब की सहायता से ग्वालियर के किले पर विजय प्राप्त की।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**16. शहरों की रिपोर्ट में वायु गुणवत्ता और स्वास्थ्य के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. PM2.5 के स्तर के मामले में दिल्ली और बंगलूरु शीर्ष दो सबसे प्रदूषित शहर हैं।
2. नाइट्रोजन डाइऑक्साइड ($NO_2$) स्तरों के मामले में कोई भी भारतीय शहर शीर्ष 20 प्रदूषित शहरों में शामिल नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**17. ब्लॉकचेन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह केंद्रीकृत कंप्यूटर नेटवर्क का एक रूप है।
2. एस्टोनिया दुनिया की ब्लॉकचेन राजधानी कही जाती है।
3. ब्लॉकचेन का उपयोग क्रिप्टोकरेंसी सिस्टम में किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. केवल 1, 2 और 3

**18. . नीति आयोग की शासी परिषद के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अंतर-क्षेत्रीय, अंतर-विभागीय और संघीय मुद्दों पर चर्चा करने का एक मंच है।
2. इसमें भारत के प्रधानमंत्री, सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री तथा अन्य केंद्रशासित प्रदेशों के उपराज्यपाल शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

**19. भारतीय बंदरगाह पारिस्थितिकी तंत्र के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय बंदरगाह विधेयक, 2022 का मसौदा मौजूदा भारतीय बंदरगाह अधिनियम, 1908 को प्रतिस्थापित कर देगा।
2. प्रमुख एवं छोटे दोनों प्रकार के बंदरगाह भारतीय संविधान की संघ सूची के अंतर्गत शामिल हैं।
3. केंद्र सरकार ने बंदरगाह के रख-रखाव और बंदरगाह निर्माण के लिये स्वचालित मार्ग के तहत 100 प्रतिशत तक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति प्रदान की है।

**नीचे दिये गए कूट में से सही विकल्प का चयन कीजिये:**

A. केवल 1और 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1,2 और 3

**20. गोदावरी नदी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह महाराष्ट्र के त्र्यंबकेश्वर से निकलती है।
2. प्रवरा और मनेर गोदावरी की बाएँ किनारे की सहायक नदियाँ हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**21. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

1. ग्रीनलैंड के हिमशैल स्नेलफिश अपने रक्त में एंटीफ्रीज़ प्रोटीन के कारण आर्कटिक के ठंडे जल में जीवित रहने में सक्षम हैं।
2. स्नेलफिश सूर्य के प्रकाश की नीली तरंग दैर्ध्य को हरे, लाल या पीले प्रकाश में परिवर्तित करके अपनी चमक प्राप्त करती है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**22. . "निपुण माइन्स" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे डीआरडीओ द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया है।
2. वे आकार में बहुत बड़े हैं और बड़ी संख्या में तैनात किये जा सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं।**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. दोनों 1 और 2
D. न तो 1 और न ही 2

**23. . निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. किसी देश की तटरेखा के 200 समुद्री मील से अधिक सीमा के बाहर जल निकायों को उच्च समुद्र क्षेत्र माना जाता है।
2. फार्मास्यूटिकल्स की खोज के लिये उच्च समुद्र क्षेत्र प्रमुख हैं।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**24. भारत में मत्स्य पालन के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

1. भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक देश है, जो वैश्विक उत्पादन का लगभग 8% हिस्सा है।
2. भारत विश्व में मछली के शीर्ष 5 निर्यातकों में शामिल है।
3. तिलपिया भारत में एक्वाकल्चर के लिये एक स्वदेशी रूप से विकसित तकनीक है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर के सही उत्तर दीजिये:**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. केवल 3

**25. जल जीवन मिशन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत आता है।
2. इसका उद्देश्य भू-जल प्रबंधन, जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन को बढ़ाना है।
3. यह हर घर जल जल जीवन मिशन का हिस्सा है।
4. **यह ग्राम पंचायतों ( GPs ) को जल आपूर्ति प्रणालियों की योजना बनाने और उन्हें लागू करने की सुविधा प्रदान करता है।**

उपर्युक्त कथनों में से कौन से सही हैं ?

A. केवल 1 और 4

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1, 2 और 3

D. उपरोक्त सभी

**26. एशियाई शेर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एशियाई शेर केवल गिर राष्ट्रीय उद्यान में पाया जाता है।
2. एशियाई शेर की IUCN स्थिति संवेदनशील है।
3. पर्यावास की क्षति एशियाई शेर की आबादी के लिये सबसे बड़ा खतरा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

**27. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

1. भूस्थैतिक उपग्रह कक्षाओं को 'लो अर्थ ऑर्बिट' के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
2. इस कक्षा में उपग्रह की कक्षीय अवधि पृथ्वी के अपने अक्ष के चारों ओर घूमने के समान है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

**28. चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे ( CPEC ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह चीन के उइगर स्वायत्त क्षेत्र को पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह से जोड़ता है।
2. यह चीन को हिंद महासागर तक पहुँचने में सक्षम बनाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**29. हाइड्रोजन ईंधन सेल ( HFC ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह हाइड्रोजन को गतिज ऊर्जा में परिवर्तित करता है।
2. यह केवल जल वाष्प और गर्म वायु का उत्सर्जन करता है।
3. हाइड्रोजन ईंधन सेल वाहन को फिर से भरने में घंटों लगते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**30. "क्रसुलेसियन एसिड मेटाबॉलिज़्म ( CAM )" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पौधों में $CO_2$ निर्धारण प्रक्रिया है।
2. CAM के पौधे अत्यंत प्रतिकूल परिस्थितियों में उगते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**31. . 'ग्रामीण उद्यमी परियोजना' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC) ने ग्रामीण उद्यमी परियोजना का शुभारंभ किया।
2. यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों के अल्पसंख्यक समुदाय को आर्थिक सशक्तिकरण प्रदान करेगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न 1 और न ही 2

**32. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

1. विज्ञान ज्योति कार्यक्रम वाणिज्य और व्यापार के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व को संबोधित करता है।
2. इस योजना को वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया था।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**33. भारतीय ऊर्जा एक्सचेंज ( IEX ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह 'नेशनल स्टॉक एक्सचेंज' (NSE) और 'बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज' (BSE) के साथ सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध कंपनी है।
2. यह केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (CERC) द्वारा अनुमोदित और विनियमित है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**34. "टोमैटो फ्लू" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. टोमैटो फ्लू के उपचार के लिये कोई विशिष्ट दवा नहीं है।
2. यह आँतों के वायरस के कारण होता है, जो वयस्कों में दुर्लभ होता है।
3. टोमैटो फ्लू का इलाज, चिकनगुनिया के इलाज के समान है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**35. निम्नलिखित में से कौन-सा/से भारत-रूस संयुक्त सैन्य कार्यक्रम में शामिल है/हैं ?**

1. आईएनएस विक्रमादित्य
2. KA-226T ट्विन-इंजन यूटिलिटी हेलीकॉप्टर
3. इल्यूशिन/एचएएल सामरिक परिवहन विमान
4. बराक मिसाइल

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2, 3 और 4

**36. . 'UNFCCC' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. UNFCCC, 1992 में पर्यावरण और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में अस्तित्व में आया।
2. वैज्ञानिक और तकनीकी सलाह के लिये सहायक निकाय (SBSTA) की स्थापना UNFCCC के आधार पर की गई थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**37. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

1. IUCN द्वारा काले गैंडों की स्थिति को गंभीर रूप से लुप्तप्राय के रूप में सूचीबद्ध किया है।
2. काले गैंडों का अधिवास अर्द्ध-मरुस्थलीय, सवाना, वनभूमि, आर्द्रभूमि आदि क्षेत्र हैं।

नोट :

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**38. 'नोवा' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. तारकीय सतह पर अस्थायी रूप से एक भीषण विस्फोट होता है।
2. जिससे उनकी चमक लाखों गुना बढ़ जाती है, फिर हफ्तों या महीनों में धीरे-धीरे कालापन बढ़ता जाता है।
3. यह एक बाइनरी प्रणाली में होता है जिसमें एक श्वेत वामन और एक मुख्य अनुक्रम तारा होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**39. स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण ( SBM-G ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जल शक्ति मंत्रालय ने पूरे भारत को "खुले में शौच मुक्त" (ओडीएफ) बनाने के लक्ष्य के साथ वर्ष 2014 में इसकी शुरुआत की थी।
2. ओडीएफ प्लस (ओडीएफ+) का दर्जा तब दिया जाता है जब एक भी व्यक्ति खुले में शौच नहीं करता है तथा सभी सामुदायिक शौचालय कार्यात्मक अवस्था में एवं सुव्यवस्थित होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**40. . "सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी ( CBDC )" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. डिजिटल फिएट मुद्रा होने के कारण, ब्लॉकचेन द्वारा समर्थित वॉलेट का उपयोग करके इसका लेन-देन नहीं किया जा सकता है।
2. नाइजीरिया अपने राष्ट्रव्यापी CBDC सैंड डॉलर को लॉन्च करने वाली पहली अर्थव्यवस्था है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**41. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

1. कुल प्रजनन दर (TFR) का तात्पर्य उन बच्चों की कुल संख्या से है जो किसी महिला के अपने जीवनकाल में पैदा होते है या पैदा होने की संभावना होती है।
2. NFHS 5 के अध्ययन के अनुसार, भारत की कुल प्रजनन दर, प्रतिस्थापन स्तर से नीचे पहुँच गई है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**42. हाल ही में चर्चा में रही पूगा घाटी निम्नलिखित में से किस राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में संबंधित है ?**

A. हिमाचल प्रदेश

B. जम्मू और कश्मीर

C. लद्दाख

D. उत्तराखंड

**43. निम्नलिखित में से किन देशों ने भारत के साथ व्यापक भागीदारी समझौते ( CEPA ) पर हस्ताक्षर किये हैं ?**

1. संयुक्त अरब अमीरात
2. जापान
3. श्रीलंका
4. मॉरिशस

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 4

D. उपरोक्त में से कोई नहीं

**44. निम्नलिखित में से कौन-से राष्ट्रीय उद्यान ओडिशा में अवस्थित हैं ?**

1. नंदनकानन जूलॉजिकल पार्क
2. सिमलीपाल राष्ट्रीय उद्यान
3. भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान
4. देबरीगढ़ वन्यजीव अभयारण्य

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2, 3 और 4

**45. ग्रीष्म लहरों/हीट वेव्स के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ग्रीष्म लहरों को किसी स्थान के चरम तापमान के रूप में परिभाषित किया जाता है जिसका तापमान मैदानी और पहाड़ी दोनों क्षेत्रों में कम-से-कम 40 डिग्री सेल्सियस तक होता है।
2. भारत ने ग्रीष्म लहर को प्राकृतिक आपदा के रूप में घोषित कर दिया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**46. 'स्मार्ट इंडिया हैकथॉन ' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. स्मार्ट इंडिया हैकथॉन का लक्ष्य छात्रों में स्वरोज़गार क्षमता पैदा करना है।
2. स्मार्ट इंडिया हैकथॉन विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय की एक पहल है।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**47. . निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. बेनामी लेन-देन में लाभार्थी का नाम और जिस व्यक्ति की ओर से लेन-देन किया गया है, वह एक ही व्यक्ति होता है।
2. बेनामी अधिनियम राज्य सरकार को बेनामी संपत्ति को ज़ब्त करने का अधिकार प्रदान करता है।

**नीचे दिये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**48. हाल ही में समाचारों में चर्चा में रही पेन प्लस रणनीति निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से संबंधित है?**

A. स्वास्थ्य

B. रक्षा

C. अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी

D. सूचना प्रौद्योगिकी

**49. . निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. माना जाता है कि आधुनिक पवन ऊर्जा का विकास सबसे पहले यूनाइटेड किंगडम में हुआ था।
2. तटीय पवन ऊर्जा जल निकायों के अंदर पवन फार्मों की तैनाती को संदर्भित करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**50. भारत-बांग्लादेश संयुक्त नदी आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत-बांग्लादेश संयुक्त नदी आयोग (JRC), वर्ष 1982 से कार्य कर रहा है।
2. इसे दोनों देशों के बीच साझा नदी प्रणालियों के लाभों को अधिकतम करने के लिये गठित किया गया था।
3. इसका नेतृत्त्व दोनों देशों के जल संसाधन मंत्री द्वारा किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**51. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. नमामि गंगे कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (NMCG) द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है।
2. स्वच्छ गंगा के लिए राष्ट्रीय मिशन (NMCG) को सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के तहत एक सोसायटी के रूप में पंजीकृत किया गया था।

**नोट :**

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**52. कैंडिडिआसिस के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक कवकीय संक्रमण है जो कैंडिडा नामक कवक के कारण होता है।
2. यह अक्सर गहन देखभाल इकाई (ICU) रोगियों तथा कैंसर रोगियों को प्रभावित करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**53 . "भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ( CCI )" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. CCI एक अर्ध-न्यायिक निकाय है।
2. CCI में एक अध्यक्ष और 6 सदस्य केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किये जाते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**54. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | फाइटर जेट | देश |
|---|---|---|
| 1. | F/A18 सुपर हॉर्नेट | संयुक्त राज्य अमेरिका |
| 2. | मिग -29 | रूस |
| 3. | राफेल | इज़रायल |

**उपर्युक्त युग्म/युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

**55. सदर्न राइस ब्लैक-स्ट्रीक्ड ड्वार्फ वायरस ( SRBSDV ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह व्हाइट-बैक्ड प्लांट हॉपर (WBPH) द्वारा फैलता है।
2. यह 10 डबल-स्ट्रैंडेड राइबोन्यूक्लिक एसिड (RNA) खंडों के जीनोम वाला एक वायरस है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**56. अभ्यास वज्र प्रहार 2022 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत और बांग्लादेश के बीच एक संयुक्त विशेष बल अभ्यास है।
2. आतंकवाद रोधी अभियान इस अभ्यास के मूलभूत घटकों में से एक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**57 . निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. मतदाता सूची डेटा और मतदाता पहचान पत्र को आधार पारिस्थितिकी तंत्र से जोड़ने के लिये चुनाव कानून (संशोधन) अधिनियम, 2021 पेश किया गया था।
2. इसका मूल उद्देश्य मतदाताओं के दोहराव की समस्या को समाप्त करना है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**58. . निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अल नीनो घटनाएँ पूर्व-मध्य भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र में समुद्र की सतह के औसत तापमान से निम्न तापमान की द्योतक हैं।
2. ला नीना एक जलवायु प्रणाली है जो पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर में सतही जल के तापमान में असामान्य रूप से वृद्धि के लिये ज़िम्मेदार होता है।
3. अल नीनो समुद्री धाराओं की गति को भी प्रभावित करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**59 . 'मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका पूर्व नाम राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार था।
2. यह युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा दिया जाने वाला सर्वोच्च खेल पुरस्कार है।
3. पहले विजेता शतरंज के दिग्गज विश्वनाथन आनंद थे।

**नीचे दिये गए कूट के अनुसार सही उत्तर का चुनाव कीजिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1,2 और 3

**60. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. डिजिटल पहचान (आधार)
2. बैंकों का राष्ट्रीयकरण
3. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी)

**नोट :**

**उपर्युक्त में से किसे भारत में "वित्तीय समावेशन" के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये उठाए गए प्रमुख कदमों के रूप में माना जा सकता है?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**61. निम्नलिखित में से कौन-सा समुद्री क्षेत्र समुद्र के नियम द्वारा निर्धारित है?**

1. आंतरिक जल
2. प्रादेशिक सागर
3. सन्निहित क्षेत्र
4. अनन्य आर्थिक क्षेत्र (EEZ)
5. उच्च समुद्र

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1, 2 और 4
B. केवल 3, 4 और 5
C. केवल 1, 2, 3 और 5
D. 1, 2, 3, 4 और 5

**62. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. OTT प्लेटफार्मों को विनियमित करने के लिये सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया नैतिकता संहिता) नियम वर्ष 2021 मे अधिसूचित किये गए थे।
2. नियम OTT प्लेटफॉर्म के लिये आचार संहिता और त्रि-स्तरीय शिकायत निवारण तंत्र के साथ एक सॉफ्ट-टच स्व-नियामक आर्किटेक्चर स्थापित करते हैं।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**63. निम्नलिखित में से कौन-से देश आर्कटिक परिषद में शामिल हैं?**

1. फिनलैंड
2. स्वीडन
3. नॉर्वे
4. कनाडा

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1, 2 और 4
B. केवल 1, 3 और 4
C. केवल 2 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

**64. राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ( NCRB ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका मुख्यालय मुंबई में स्थित है।
2. इसके पोर्टल पर कोई भी नागरिक शिकायत दर्ज करा सकता है या चाइल्ड पोर्नोग्राफी या बलात्कार/सामूहिक बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों के संबद्ध में सबूत के तौर पर विडियो अपलोड कर सकता है।
3. इसके कार्य में इंटर-ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (ICJS) का कार्यान्वयन शामिल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**65. क्षेत्र में सभी के लिये सुरक्षा और विकास (SAGAR) पहल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस पहल के माध्यम से भारत अपने समुद्री पड़ोसियों के साथ आर्थिक और सुरक्षा सहयोग को मज़बूत करना चाहता है एवं उनकी समुद्री सुरक्षा क्षमताओं के निर्माण में सहायता करना चाहता है।
2. यह हिंद महासागर क्षेत्र को समावेशी, सहयोगी और अंतर्राष्ट्रीय कानून का सम्मान करने के लिये भी सुनिश्चित करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**66. निम्नलिखित पर्यावरणीय कारकों पर विचार कीजिये:**

1. उच्च सापेक्ष आर्द्रता
2. विशाल मेघ आवरण
3. निम्न तापमान
4. धीमी हवाएँ

बादल फटने की घटना उपर्युक्त में से किसके द्वारा प्रेरित है?

A. केवल 1, 2 और 4

B. केवल 2, 3, और 4

C. केवल 1, 2 और 3

D. 1, 2, 3 और 4

**67. . वन अधिकार अधिनियम (FRA), 2006 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. FRA समुदाय को वन उपज के उपयोग के लिये नियम बनाने की अनुमति देता है।
2. ये अधिकार ग्राम सभा को वन संरक्षण की स्थानीय पारंपरिक प्रथाओं को अपनाने का अधिकार देते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**68. . साइबर हमले के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक दुर्भावनापूर्ण कार्य है जिसमें डेटा के साथ छेड़छाड़ करना, डेटा चोरी करना या सामान्य रूप से डिजिटल प्रक्रिया को बाधित करना शामिल है।
2. मैलवेयर, ट्रोजन और फिशिंग साइबर हमले का हिस्सा हैं।
3. एशिया प्रशांत क्षेत्र में साइबर हमले बढ़ रहे हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. केवल 1, 2 और 3

**69. . निम्नलिखित में से कौन-सा/से SEED (विमुक्त, घुमंतू और अर्द्ध-घुमंतू जनजातियों के आर्थिक सशक्तीकरण की योजना) का उद्देश्य है/हैं?**

1. इन छात्रों को नि:शुल्क प्रतियोगी परीक्षा कोचिंग प्रदान करना,
2. परिवारों को स्वास्थ्य बीमा प्रदान करना,
3. आजीविका पहलों के माध्यम से इन समुदायों के समूहों का उत्थान करना,
4. आवास के लिये वित्तीय सहायता प्रदान करना,

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2
C. केवल 3 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

**70.. निम्नलिखित में से कौन-सी अलकनंदा की सहायक नदी/नदियाँ है/हैं?**

1. नंदाकिनी
2. पिंडर
3. प्रवरा
4. मनेर

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

## व्याख्या भाग-2

**1. D**

**व्याख्या:**

### क्रोनिक फेटीग सिंड्रोम

- यह गंभीर और दुर्बल करने वाली बीमारी है जो तंत्रिका तंत्र, प्रतिरक्षा प्रणाली तथा शरीर के ऊर्जा उत्पादन तंत्र को प्रभावित करती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसे "मायल्जिक एन्सेफेलोमाइलाइटिस" के रूप में भी जाना जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसके संभावित परिणाम वायरल या बैक्टीरियल संक्रमण, हार्मोनल असंतुलन और आनुवंशिक दोष हैं।
- यह बच्चों से लेकर बड़ों तक किसी को भी प्रभावित कर सकता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

### लक्षण:

- बीमारी से कार्य करने की क्षमता में काफी कमी महसूस होती है।
- इस प्रकार की थकान या दुर्बलता वाली बीमारी के 6 महीने से अधिक होने पर स्थिति अधिक गंभीर हो जाती है।
  - सबसे अधिक पहचाने जाने योग्य लक्षण **पोस्ट-एक्सरशनल मलाइज़ (PEM)** है।
  - सामान्य छोटी-मोटी खरीदारी या दाँतों को ब्रश करने जैसी छोटी गतिविधियों के बाद भी शारीरिक मानसिक ऊर्जा में "**कमी**" महसूस होती है।

नोट :

- **उपचार:**
  - CFS बीमारी के लिये कोई **विशेष प्रकार का टेस्ट उपलब्ध नहीं है**, इसलिये इसका निदान लक्षणों के आधार पर किया जाता है, इसके लिये रक्त और मूत्र का टेस्ट भी करवाना पड़ सकता है।
  - डॉक्टरों ने **"पेसिंग"** जैसे रोग के लक्षणों से निपटने के तरीकों को बताया है जिसमें रोगी मेहनत के कारण दुर्घटनाओं को रोकने के लिये आराम और गतिविधि को संतुलित करना सीखते हैं।

**2. A**

**व्याख्या:**

### मैकेनाइज़्ड सेनिटेशन इकोसिस्टम (नमस्ते/ NAMASTE) योजना:

- सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (MoSJ&E) सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई में लगे सभी सफाई कर्मचारियों की गणना के लिये एक राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण करने की तैयारी कर रहा है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह गणना मैकेनाइज़्ड सेनिटेशन इकोसिस्टम (नमस्ते) योजना हेतु राष्ट्रीय कार्य योजना का हिस्सा है और इसे 500 अमृत (अटल मिशन फॉर रिज़ुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन) शहरों में आयोजित किया जाएगा
- यह वर्ष 2007 में शुरु की गई मैनुअल स्कैवेंजर्स (SRMS) के पुनर्वास के लिये स्व-रोज़गार योजना में विलय के साथ उसे प्रतिस्थापित करेगा। **अत: कथन 2 सही है।**

### नमस्ते योजना:

- इसे जुलाई 2022 में लॉन्च किया गया था।
- नमस्ते योजना आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय तथा MoSJ&E द्वारा संयुक्त रूप से शुरू की जा रही है, इसका उद्देश्य असुरक्षित सीवर और सेप्टिक टैंक सफाई प्रथाओं का उन्मूलन है।
- भारत में सीवेज सफाई में शून्य मृत्यु।
- सभी सफाई कार्य कुशल श्रमिकों द्वारा किये जाएँ।
- कोई भी सफाई कर्मचारी मानव मल के सीधे संपर्क में नहीं आए।
- पंजीकृत और कुशल सफाई कार्यकर्ताओं से सेवाएँ लेने के लिये सफाई सेवा चाहने वालों (व्यक्तियों और संस्थानों) के बीच जागरूकता बढ़ाना।

### नमस्ते पोर्टल:

- अक्टूबर 2017 में आयुष मंत्रालय द्वारा विकसित नमस्ते पोर्टल रुग्णता के आँकड़ों को वास्तविक समय के आधार पर अद्यतन करने के लिये एक समर्पित डेटा प्रविष्टि मॉड्यूल के साथ मानकीकृत शब्दावली और रुग्णता कोड के बारे में जानकारी प्रदान करता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- इस पोर्टल का शुभारंभ आयुष के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक घटना है, जिसमें मुख्यधारा की स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली के साथ समानता लाने का वादा किया गया है।

**3. D**

**व्याख्या:**

- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) का गठन वर्ष 1958 में किया गया था।
  - इसका गठन रक्षा विज्ञान संगठन (Defence Science Organisation- DSO) के साथ भारतीय सेना के तकनीकी विकास प्रतिष्ठान (Technical Development Establishment- TDEs) और तकनीकी विकास और उत्पादन निदेशालय (Directorate of Technical Development & Production- DTDP) के समामेलन से हुआ था। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- **डीआरडीओ के विभिन्न कार्यक्रम:**
  - **एकीकृत निर्देशित मिसाइल विकास कार्यक्रम (IGMDP):**
    - यह मिसाइल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारतीय रक्षा बलों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के प्रमुख कार्यों में से एक था। **अत: कथन 2 सही है।**
  - **मोबाइल ऑटोनोमस रोबोट सिस्टम (MARS):**
    - MARS लैंड माइन्स और इनर्ट एक्सप्लोसिव डिवाइसेज (Inert Explosive Devices- IEDs) को संभालने के लिये एक स्मार्ट मजबूत रोबोट है जो भारतीय सशस्त्र बलों से शत्रुओं को दूर कर निष्क्रिय करने में मदद करता है।
  - **लद्दाख में सबसे ऊँचा स्थलीय केंद्र:**
    - लद्दाख में DRDO का केंद्र पैंगोंग झील के पास चांगला में समुद्र तल से 17,600 फीट ऊपर है, जिसका उद्देश्य प्राकृतिक और औषधीय पौधों के संरक्षण के लिये एक प्राकृतिक कोल्ड स्टोरेज इकाई के रूप में कार्य करना है।

**4. D**

**व्याख्या:**

- मौलिक कर्तव्यों का विचार रूस के संविधान (तत्कालीन सोवियत संघ) से प्रेरित है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इन्हें 42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिशों पर संविधान के भाग IV-A में शामिल किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**
  - मूल रूप से मौलिक कर्त्तव्यों की संख्या 10 थी, बाद में 86वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2002 के माध्यम से एक और कर्तव्य जोड़ा गया था।
- सभी ग्यारह कर्तव्य संविधान के अनुच्छेद 51-ए (भाग- IV-ए) में सूचीबद्ध हैं।
- राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों की तरह, मौलिक कर्तव्य भी प्रकृति में गैर-न्यायिक हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**5. C**

**व्याख्या:**

- महाद्वीपीय विस्थापन सिद्धांत महासागरों और महाद्वीपों के वितरण से संबंधित है। यह पहली बार वर्ष 1912 में जर्मन मौसम विज्ञानी अल्फ्रेड वेगनर द्वारा सुझाया गया था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इस सिद्धांत के अनुसार, मौजूदा सभी महाद्वीप अतीत में एक बड़े भूखंड- 'पैंजिया' से जुड़े हुए थे और उनके चारों ओर एक विशाल महासागर- पैंथालसा मौजूद था। **अत: कथन 3 सही है।**
- लगभग 200 मिलियन वर्ष पहले पैंजिया विभाजित होना शुरू हुआ और क्रमश: उत्तरी एवं दक्षिणी घटकों का निर्माण करते हुए लारेशिया तथा गोंडवानालैंड के रूप में दो बड़े महाद्वीपीय भूभागों में टूट गया।
- इसके बाद लारेंशिया और गोंडवानालैंड विभिन्न छोटे महाद्वीपों में टूटते रहे जो क्रम आज भी जारी है।
- वेगेनर के पास इस बात की सही व्याख्या के साक्ष्य नहीं थे कि महाद्वीप ग्रह के चारों ओर कैसे घूर्णन कर सकते हैं, लेकिन शोधकर्त्ता अब इसकी व्याख्या कर सकते हैं।
  - वेगनर ने सुझाव दिया कि पृथ्वी के घूर्णन के कारण महाद्वीप एक दूसरे से अलग हो गए। आज, हम जानते हैं कि महाद्वीप चट्टान के विशाल खंड पर टिके हुए हैं जिन्हें विवर्तनिक प्लेट कहा जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**6. C**

**व्याख्या:**

- **'उदारशक्ति' अभ्यास**
  - यह भारत और मलेशिया की वायु सेनाओं के बीच द्विपक्षीय अभ्यास है। **अत: विकल्प C सही है।**
  - भारतीय वायु सेना एसयू-30 एमकेआई और सी-17 विमानों के साथ युद्धाभ्यास में भाग ले रही है जबकि मलेशियाई वायु सेना एसयू 30 एमकेएम विमान उड़ाएगी।

नोट :

- ◆ इस चार दिवसीय युद्धाभ्यास में दोनों वायु सेनाओं के बीच विभिन्न हवाई युद्ध अभ्यास आयोजित किये जाएँगे।
- **पृष्ठिभूमि:**
  - ◆ पहला द्विपक्षीय वायु सेना अभ्यास जिसमें फ्रंटलाइन सुखोई -30 लड़ाकू विमानों का प्रदर्शन किया गया, वर्ष 2018 में आयोजित हुआ था।
  - ◆ वर्ष 2008 से 2010 तक मलेशियाई पायलटों को एसयू-30एसकेएम विमान पर प्रशिक्षण देने के लिये भारतीय वायु सेना प्रशिक्षण दल को मलेशिया में तैनात किया गया था।
- **अभ्यास का महत्त्व:**
  - ◆ यह अभ्यास लंबे समय से चली आ रही मित्रता को मज़बूत करेगा और दोनों सेनाओं के बीच रक्षा सहयोग को बढ़ाएगा। इससे क्षेत्रीय सुरक्षा भी मज़बूत होगी।
  - ◆ IAF के पास इस अभ्यास के माध्यम से रॉयल मलेशियाई वायु सेना के साथ सर्वोत्तम तरीकों को साझा करने और सीखने का अवसर होगा। यह भी संभावना है कि वे आपसी युद्ध क्षमताओं पर चर्चा करेंगे।

**7. D**

**व्याख्या:**

- इटली के सबसे भीषण सूखे के कारण देश की सबसे बड़ी गार्डा झील दशकों में अब तक के सबसे कम जल स्तर तक पहुँच गई है।
  - ◆ इसके परिणामस्वरूप जल के नीचे की चट्टानें दिखने लगी और जल का तापमान कैरेबियन सागर के औसत तापमान तक गर्म हो गया।
- उत्तरी इटली ने महीनों तक काफी कम वर्षा हुई और वर्ष 2022 में हिमपात भी 70% कम हुआ है, जिससे पो जैसी महत्त्वपूर्ण नदियाँ सूख गईं, जो इटली के कृषि और औद्योगिक क्षेत्र में बहती हैं।
- इटली की सबसे लंबी नदी पो की सूखी हुई स्थिति से उन किसानों को अरबों यूरो का नुकसान हुआ, जो आम तौर पर खेतों और धान की सिंचाई के लिये इस पर निर्भर रहते हैं।
  - ◆ नुकसान की भरपाई के लिये अधिकारियों ने गार्डा झील से अधिक जल को स्थानीय नदियों प्रवाहित करने की अनुमति दी।
  - ◆ लेकिन जुलाई 2022 के अंत में उन्होंने झील और उससे जुड़े आर्थिक रूप से महत्त्वपूर्ण पर्यटन के लिये राशि कम कर दी।
  - ◆ बड़ी मात्रा में जल को नदियों की ओर मोड़ने के साथ झील अपने सबसे निचले स्तर पर आ गई। **अतः विकल्प D सही है।**

**8. A**

**व्याख्या:**

- **श्रीविल्लीपुथुर हाथी रिज़र्व :** तमिलनाडु।
- **वायनाड हाथी रिज़र्व :** केरल।
- **अगस्त्यमलाई हाथी रिज़र्व :** तमिलनाडु।
- **अनामुडी हाथी रिज़र्व :** केरल। **अतः विकल्प A सही है।**

**9. B**

**व्याख्या:**

- 1977 में, एमयू बेग को तत्कालीन वरिष्ठतम न्यायाधीश के बजाय भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) के रूप में नियुक्त किया गया था। सरकार के इस विवेक को सर्वोच्च न्यायालय ने द्वितीय न्यायाधीश मामले (1993) में रोक दिया था, जिसमें SC ने फैसला सुनाया था कि केवल सर्वोच्च न्यायलय के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश को ही भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) के लिये नियुक्त किया जाना चाहिये। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत के मुख्य न्यायाधीश और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा संविधान के अनुच्छेद 124 के खंड (2) के तहत की जाती है।
- सर्वोच्च न्यायालय के चार वरिष्ठतम न्यायाधीशों के कॉलेजियम के परामर्श से सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति के लिये भारत के मुख्य न्यायाधीश की राय को शामिल किया जाना चाहिये।

- तृतीय न्यायाधीशों के मामले (1998) में, न्यायालय ने कहा कि CJI द्वारा अपनाई जाने वाली परामर्श प्रक्रिया के लिये 'एक से अधिक न्यायाधीशों के परामर्श' की आवश्यकता होती है। भारत के मुख्य न्यायाधीश की एकमात्र सलाह के आधार पर परामर्श प्रक्रिया को पूर्ण नहीं समझा जाना चाहिये। उसे सर्वोच्च न्यायालय के चार वरिष्ठतम न्यायाधीशों के एक कॉलेजियम से परामर्श करना चाहिये और यदि दो न्यायाधीश भी विपक्ष में राय देते हैं, ऐसी स्थिति में उसे सरकार को सिफारिश नहीं भेजनी चाहिये। **अतः कथन 2 सही है।**
- वर्ष 2014 के 99वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम और राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग अधिनियम ने राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (NJAC) नामक एक नए निकाय के साथ सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति की कॉलेजियम प्रणाली को बदल दिया। हालाँकि वर्ष 2015 में, सर्वोच्च न्यायालय ने 99वें संवैधानिक संशोधन के साथ-साथ NJAC अधिनियम को असंवैधानिक और शून्य घोषित कर दिया। यह निर्णय सर्वोच्च न्यायालय ने चतुर्थ न्यायाधीशों के मामले (2015) में दिया।

10. C

**व्याख्या:**

- इसे वर्ष 2018 में विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा नए युग की प्रौद्योगिकियों में नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिये पाँच साल की अवधि के लिये 3,660.00 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ लॉन्च किया गया था।
- इसमें संपूर्ण भारत शामिल है जिसमें केंद्रीय मंत्रालय, राज्य सरकारें, उद्योग और शिक्षाविद शामिल हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- NM-ICPS एक व्यापक मिशन है जो साइबर फिजिकल सिस्टम (CPS) और संबंधित प्रौद्योगिकियों में प्रौद्योगिकी विकास, अनुप्रयोग विकास, मानव संसाधन विकास तथा कौशल वृद्धि, उद्यमिता एवं स्टार्ट-अप विकास को संबोधित करेगा।
  - मिशन का उद्देश्य 15 प्रौद्योगिकी नवाचार हब (TIH), छह अनुप्रयोग नवाचार केंद्र (AIH) और चार प्रौद्योगिकी अनुवाद अनुसंधान पार्क (TTRP) की स्थापना करना है।
  - ये हब और TTRP एक हब और स्पोक मॉडल में देश भर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक, अनुसंधान एवं विकास और अन्य संगठनों में समाधान विकसित करने में शिक्षाविदों, उद्योग, केंद्रीय मंत्रालयों और राज्य सरकार की सहायता करेंगे।
  - हब और TTRP में चार केंद्रित क्षेत्र हैं जिनके साथ इस मिशन का कार्यान्वयन किया जायेगा, इसमें शामिल हैं:
    - प्रौद्योगिकी विकास,
    - मानव संसाधन विकास और कौशल विकास,
    - नवाचार, उद्यमिता और स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र विकास और
    - अंतर्राष्ट्रीय सहयोग। **अतः कथन 2 सही है।**
  - इसके अनुप्रयोग में शामिल हैं:
    - चालक रहित कारें जो स्मार्ट सड़कों पर एक-दूसरे के साथ सुरक्षित रूप से संचार करती हैं,
    - बदलती स्वास्थ्य स्थितियों का पता लगाने के लिये घर में लगे सेंसर,
    - कृषि पद्धतियों में सुधार करना और वैज्ञानिकों को जलवायु परिवर्तन आदि से उत्पन्न मुद्दों के समाधान के लिये सक्षम बनाना। **अतः कथन 3 सही है।**

11. C

**व्याख्या:**

- महानदी प्रायद्वीपीय भारत की तीसरी सबसे बड़ी (गोदावरी और कृष्णा नदी के बाद) नदी है। **अतः कथन 1 सही है।**
- महानदी प्रणाली ओडिशा राज्य की सबसे बड़ी नदी है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इस नदी का जलग्रहण क्षेत्र छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, ओडिशा, झारखंड और महाराष्ट्र तक विस्तारित है।
- इसका बेसिन उत्तर में मध्य भारत की पहाड़ियों, दक्षिण और पूर्व में पूर्वी घाट तथा पश्चिम में मैकाल पर्वतमाला से घिरा है। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

12. D

**व्याख्या:**

- फीफा या फेडरेशन इंटरनेशनेल डी फुटबॉल एसोसिएशन दुनिया में फुटबॉल का सर्वोच्च शासी निकाय है।
- यह एसोसिएशन फुटबॉल, फुटसल और बीच सॉकर का अंतर्राष्ट्रीय शासी निकाय है। **अतः कथन 1 सही है।**
- फीफा एक गैर-लाभकारी संगठन है।
- वर्ष 1904 में स्थापित फीफा को बेल्जियम, डेनमार्क, फ्राँस, जर्मनी, नीदरलैंड, स्पेन, स्वीडन और स्विटज़रलैंड के राष्ट्रीय संघों के बीच अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्द्धा की निगरानी के लिये लॉन्च किया गया था। फीफा में अब 211 सदस्य देश शामिल हैं।
- इसका मुख्यालय ज्यूरिख में है। **अतः कथन 2 सही है।**

13. D

**व्याख्या:**

- पुदुचेरी में उन्होंने आध्यात्मिक साधकों के एक समुदाय की स्थापना की, जिसने वर्ष 1926 में श्री अरबिंदो आश्रम के रूप में आकार लिया।
- उनका मानना था कि पदार्थ, जीवन और मन के मूल सिद्धांतों को स्थलीय विकास के माध्यम से सुपरमाइंड के सिद्धांत द्वारा अनंत और परिमित दो क्षेत्रों के बीच एक मध्यवर्ती शक्ति के रूप में सफल किया जाएगा। **अतः कथन 1 सही है।**
- उन्होंने आवर ऑफ गॉड नामक पुस्तक लिखी। **अतः कथन 2 सही है।**
- कई भारतीयों ने द्वितीय विश्व युद्ध को औपनिवेशिक कब्जे से छुटकारा पाने हेतु एक उपयुक्त समय के रूप में देखा तथा अरबिंदो ने अपने हमवतन लोगों से मित्र राष्ट्रों का समर्थन करने और हिटलर की हार सुनिश्चित करने के लिये कहा। **अतः कथन 3 सही है।**

14. D

**व्याख्या:**

### भारत में बाँधों की स्थिति:

- बड़े बाँधों के निर्माण के मामले में भारत दुनिया में तीसरे स्थान पर है।
- भारत में 4,407 बड़े बाँध हैं, जो चीन (23,841) और अमेरिका (9,263) के बाद दुनिया में तीसरे नंबर पर हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - भारत में ऐसे बाँधों की संख्या वर्ष 2050 तक बढ़कर 4,400 हो जाएगी।
- देश में लगभग आधे बड़े बाँध 1970-90 के दो दशकों में बनाए गए थे। महाराष्ट्र में देश में सबसे अधिक बड़े बाँध (1845) हैं, इसके बाद मध्य प्रदेश (905) और गुजरात (666) हैं।
- तमिलनाडु में स्थित कल्लनई बाँध भारत का सबसे पुराना बाँध है। यह कावेरी नदी पर बना है और लगभग 2000 वर्ष पुराना है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - उत्तराखंड में टिहरी बाँध भारत का सबसे ऊँचा बाँध है जो भागीरथी नदी पर बना है।
  - महानदी नदी पर बना ओडिशा में हीराकुंड बाँध भारत का सबसे लंबा बाँध है।
    - चोपड़ा समिति
- समिति को अक्टूबर 2013 में पर्यावरण और वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) द्वारा नियुक्त किया गया था।
- कमिटी ने सुझाव दिया कि पैराग्लेशियल क्षेत्र में कोई भी हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट (एचईपी) नहीं बनाया जाना चाहिये क्योंकि इसमें ढीले हिमनदों का मलबा होता है, जिसे डाउनस्ट्रीम में ले जाने पर विनाशकारी हो सकता है।
- इसने समुद्र तल से 2200-2500 मीटर ऊपर के क्षेत्रों में HEPs के निर्माण पर भी आपत्ति जताई।

15. D

**व्याख्या:**

- रानी लक्ष्मीबाई झाँसी रियासत की रानी थीं।

- अंग्रेजों को अपने क्षेत्र को सौंपने से इंकार करते हुए, इन्होंने अपने उत्तराधिकारी (दत्तक पुत्र) की ओर से शासन करने का निर्णय लिया और वर्ष 1857 में अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह में शामिल हो गईं।
    - उन्हें वर्ष 1857 में भारत की स्वतंत्रता के पहले युद्ध में उनकी प्रमुख भूमिका के लिये जाना जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- उन्होंने तात्या टोपे और नाना साहब की सहायता से ग्वालियर के किले पर विजय प्राप्त की।
    - अंग्रेजों द्वारा घिर जाने पर वह झाँसी के किले से भाग निकलीं और ग्वालियर के फूल बाग के पास लड़ाई में घायल हो गई थी, जहाँ उनकी मृत्यु हो गई। **अत: कथन 2 सही है। अत: विकल्प D सही है।**

**16. B**

**व्याख्या:**

- शहरों में वायु गुणवत्ता और स्वास्थ्य (Air Quality and Health in Cities) शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की गई थी, जिसमें वर्ष 2010 और 2019 के बीच दुनिया भर के 7,000 से अधिक शहरों में प्रदूषण और वैश्विक स्वास्थ्य प्रभावों का विश्लेषण किया गया था।
- अध्ययन में पाए गए दो प्रमुख वायु प्रदूषकों- फाइन पार्टिकुलेट मैटर (PM2.5) और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड ($NO_2$) के आधार पर शहरों की रैंकिंग की गई।
- **भारत के संदर्भ में विशिष्ट निष्कर्ष:**
- **PM 2.5 का स्तर:**
    - PM 2.5 स्तर के मामले में शीर्ष 10 सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में दिल्ली और कोलकाता क्रमश: पहले एवं दूसरे स्थान पर हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **$NO_2$ स्तर:**
    - $NO_2$ स्तर के संबंध में कोई भी भारतीय शहर शीर्ष 10 या शीर्ष 20 प्रदूषित शहरों की सूची में शामिल नहीं है। **अत: कथन 2 सही है।**
        - रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली, कोलकाता और मुंबई में $NO_2$ का औसत स्तर 20-30 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के बीच है।
- **होने वाली मौतें:**
    - दिल्ली को प्रति 100,000 में 106 मौतों के साथ छठे और कोलकाता को 99 मौतों के साथ आठवें स्थान पर रखा गया है ।

**17. B**

**व्याख्या:**

- एक ब्लॉकचेन विकेंद्रीकृत वितरित डेटाबेस या खाता बही का एक रूप है जिसे कंप्यूटर नेटवर्क के नोड्स के बीच साझा किया जाता है।
- एक ब्लॉकचेन का नवाचार यह है कि यह डेटा के रिकॉर्ड की निष्ठा और सुरक्षा की गारंटी देता है और एक विश्वसनीय तीसरे पक्ष की आवश्यकता के बिना विश्वास उत्पन्न करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- दुनिया की ब्लॉकचेन राजधानी कहे जाने एस्टोनिया द्वारा, आम जनता को दी जाने वाली सभी ई-गवर्नेंस सेवाओं को सत्यापित और संसाधित करने के लिये ब्लॉकचैन अवसंरचना का उपयोग कर रही है। **अत: कथन 2 सही है।**
- लेन-देन के सुरक्षित और विकेंद्रीकृत रिकॉर्ड को बनाए रखने के लिये, बिटकॉइन जैसी क्रिप्टोकरेंसी सिस्टम में ब्लॉकचेन को उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका के लिये जाना जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**18. C**

**व्याख्या:**

- नीति आयोग की शासी परिषद, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की सक्रिय भागीदारी के साथ राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और रणनीतियों की एक साझा दृष्टि विकसित करने के लिये विश्वसनीय निकाय है।
    - यह अंतर-क्षेत्रीय, अंतर-विभागीय और संघीय मुद्दों पर चर्चा करने का एक मंच है। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- **सम्मिलित सदस्य:**
  - भारत के प्रधानमंत्री।
  - विधायिका के साथ सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री।
  - अन्य केंद्रशासित प्रदेशों के उपराज्यपाल।
  - पदेन सदस्य; नीति आयोग के उपाध्यक्ष; नीति आयोग के पूर्णकालिक सदस्य;
  - विशेष आमंत्रित सदस्य। **अत: कथन 2 सही है।**

**19. A**

**व्याख्या:**

- हाल ही में भारत सरकार ने भारतीय बंदरगाह विधेयक, 2022 का मसौदा तैयार किया है। यह मसौदा 110 वर्ष से अधिक पुराने भारतीय बंदरगाह अधिनियम, 1908 को प्रतिस्थापित कर देगा। **अत: कथन 1 सही है।**
- प्रमुख बंदरगाह भारतीय संविधान की संघ सूची के अंतर्गत आते हैं तथा भारतीय बंदरगाह अधिनियम, 1908 और प्रमुख बंदरगाह ट्रस्ट अधिनियम, 1963 के तहत प्रशासित होते हैं।
  - सभी छोटे बंदरगाह, भारतीय बंदरगाह अधिनियम, 1908 के तहत शासित हैं और राज्य सरकारों के स्वामित्व और प्रबंधन में हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- केंद्र सरकार ने बंदरगाह निर्माण और रखरखाव परियोजनाओं के लिये स्वचालित मार्ग के तहत 100% तक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) की अनुमति प्रदान की है। **अत: कथन 3 सही है।**

**20. A**

**व्याख्या:**

- गोदावरी सबसे बड़ी प्रायद्वीपीय नदी प्रणाली है। इसे दक्षिण गंगा भी कहते हैं।
  - गोदावरी नदी महाराष्ट्र में नासिक के पास त्र्यंबकेश्वर से निकलती है और बंगाल की खाड़ी में गिरने से पहले लगभग 1465 किमी. की दूरी तय करती है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - गोदावरी बेसिन महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा राज्यों के अलावा मध्य प्रदेश, कर्नाटक तथा पुदुचेरी के मध्य क्षेत्र के छोटे हिस्सों में फैला हुआ है।
- **सहायक नदियाँ:**
  - पूर्णा, प्राणहिता, इंद्रावती और सबरी महत्वपूर्ण बाएँ किनारे की सहायक नदियाँ हैं।
  - प्रवर, मंजरा और मनेर दाहिने तट की सहायक नदियाँ हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**21. C**

**व्याख्या:**

- पूर्वी ग्रीनलैंड के तट पर हिमशैल के आवासों के बीच चलने के लगाने के दौरान लाल और हरे रंग की चमकती हुई स्नेलफिश की पहचान की गई थी।
- ग्रीनलैंड में हिमखंडों में स्नेलफिश अपने रक्तप्रवाह में 'एंटीफ्रीज़' प्रोटीन की उपस्थिति के कारण आर्कटिक में जीवित रह सकती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- उष्णकटिबंधीय वातावरण में रहने वाले जानवर अक्सर बायोफ्लोरेसेंस प्रदर्शित करते हैं, इनमे सौर ऊर्जा को अवशोषित कर, अन्य प्रजातियों की तुलना में आर्कटिक जल में विभिन्न रंग में प्रदर्शित करने की क्षमता हैं।
- सौर ऊर्जा बायोफ्लोरेसेंस के लिये आवश्यक घटक है। स्नेलफिश नीली तरंग दैर्ध्य को हरे, लाल या पीले प्रकाश में परिवर्तित करके अपनी चमक प्राप्त करती है। **अत: कथन 2 सही है।**

**22. B**

**व्याख्या:**

- निपुण माइंस स्वदेशी रूप से डिज़ाइन और विकसित की गई एंटी-पर्सनल माइंस हैं, जिन्हें DRDO ने 'सॉफ्ट टारगेट ब्लास्ट मूनिशन' कहा है। **अतः कथन 1 सही है।**
- ये माइंस घुसपैठियों और दुश्मन की पैदल सेना के खिलाफ रक्षा की पहली पंक्ति के रूप में कार्य करते हैं।
    - वे आकार में छोटे होते हैं और बड़ी संख्या में तैनात किये जा सकते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**23. C**

**व्याख्या:**

- हाल ही में संयुक्त राष्ट्र ने उच्च समुद्रों में समुद्री विविधता के संरक्षण के लिये महासागर की जैविक विविधता पर पहले संधि का मसौदा तैयार करने के लिये अंतर-सरकारी सम्मेलन का आयोजन किया।
- देश अपनी तटरेखाओं तक 200 समुद्री मील (370 किलोमीटर) के भीतर समुद्री सीमा में सुरक्षा या दोहन कार्य कर सकते हैं, लेकिन इन 'विशेष आर्थिक क्षेत्र' के बाहर संपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र उच्च समुद्र माना जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- ये मूल्यवान खनिज, फार्मास्यूटिकल्स, तेल और गैस भंडार की खोज के लिये भी प्रमुख क्षेत्र हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

**24. D**

**व्याख्या:**

**प्राथमिक उत्पादक क्षेत्रों में मात्स्यिकी सबसे तेज़ी से बढ़ने वाले क्षेत्रों में से एक है।**

- भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक देश है, जो वैश्विक उत्पादन का 7.56% है और देश के सकल मूल्य वर्धित (GVA) में लगभग 1.24% और कृषि GVA में 7.28% से अधिक का योगदान देता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत विश्व में मछली का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक देश है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह क्षेत्र देश के आर्थिक और समग्र विकास में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिसे "सनराइज सेक्टर" भी कहा जाता है, यह समान और समावेशी विकास के माध्यम से अपार क्षमता लाने की ओर अग्रसर है।

- प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) से प्रेरित होकर, प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (TDB) ने इजरायली प्रौद्योगिकी के साथ तिलापिया एक्वाकल्चर परियोजना को समर्थन दिया है।
    - तिलपिया, जिसे जलीय चिकन भी कहा जाता है, दुनिया में सबसे अधिक उत्पादक और वैश्विक स्तर पर व्यापार किये जाने वाले मछली खाद्य पदार्थों में से एक बनकर उभरा है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
    - तिलपिया की संस्कृति दुनिया के कई हिस्सों में व्यावसायिक रूप से लोकप्रिय हो गई है और इसकी त्वरित वृद्धि और कम रखरखाव की खेती के कारण इसे जलीय चिकन कहा जाता था।
    - तिलपिया विभिन्न प्रकार के जलीय कृषि वातावरण के प्रति संवेदी है; इसकी खेती खारे या मृदु जल प्रणालियों में की जा सकती है।

**25. D**

**व्याख्या:**

- जल जीवन मिशन जल शक्ति मंत्रालय के तहत केंद्र सरकार की एक पहल है, जिसका उद्देश्य भारत में हर घर के लिये नल से जल की पहुँच सुनिश्चित करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- कार्यक्रम अनिवार्य तत्त्वों के रूप में स्रोत स्थिरता उपायों को भी लागू करेगा, जैसे कि भू-जल प्रबंधन, जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन के माध्यम से पुनर्भरण और पुन: उपयोग। **अतः कथन 2 सही है।**
- हर घर नल से जल कार्यक्रम की घोषणा वित्त मंत्री ने वर्ष 2019-20 के बजट में की थी। यह जल जीवन मिशन का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। **अतः कथन 3 सही है।**
- इसका मिशन ग्राम पंचायतों (GP)/ग्रामीण समुदायों को अपने गाँव में जलापूर्ति प्रणाली की योजना, कार्यान्वयन, प्रबंधन, स्वामित्व, संचालन और रखरखाव के लिए सहायता और सुविधा प्रदान करना है। **अतः कथन 4 सही है।**

नोट :

**26. C**

**व्याख्या:**

- एशियाई शेर को फारसी शेर या भारतीय शेर भी कहा जाता है।
- यह पैंथेरा लियो उप-प्रजाति है जो केवल भारत में पाई जाती है।
- इसके ऐतिहासिक आवास पश्चिम एशिया और मध्य पूर्व थे, जहाँ यह विलुप्त हो गया।
- गिर राष्ट्रीय उद्यान एकमात्र ऐसा स्थान है जहाँ एशियाई शेर देखे जा सकते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर रेड लिस्ट, जिसे अक्सर IUCN रेड लिस्ट या रेड डेटा बुक के रूप में जाना जाता है, वर्ष1964 में स्थापित किया गया था और यह दुनिया के जैविक प्रजातियों के वैश्विक संरक्षण की स्थिति का संपूर्ण रिकॉर्ड है।
- एशियाई शेर को IUCN द्वारा लुप्तप्राय के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- एशियाई शेरों की आबादी के लिये सबसे गंभीर खतरा निवास स्थान का नुकसान है। **अतः कथन 3 सही है।**

**27. B**

**व्याख्या:**

- भूस्थिर कक्षा में उपग्रह पृथ्वी की सतह से लगभग 35,786 किलोमीटर ऊपर हैं। यह दूरी पृथ्वी के केंद्र से करीब 42,164 किलोमीटर है। यह दूरी इसे हाई अर्थ ऑर्बिट की श्रेणी में रखती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- भूस्थैतिक कक्षा भू-समकालिक कक्षा का एक विशेष स्थान है जिसमें एक उपग्रह पृथ्वी के घूर्णन की दिशा में भूमध्यरेखीय तल में एक वृत्ताकार भू-समकालिक कक्षा में गति करता है।
- इस कक्षा में उपग्रह की कक्षीय अवधि पृथ्वी के अपनी धुरी के चारों ओर घूमने की अवधि के समान है, जिससे यह पृथ्वी पर एक निश्चित स्थान के सापेक्ष स्थिर दिखाई देता है। यह उन्हें किसी क्षेत्र का निरंतर कवरेज प्रदान करने की अनुमति देता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**28. C**

**व्याख्या:**

- CPEC चीन के उत्तर-पश्चिमी झिंजियांग उइगुर स्वायत्त क्षेत्र और पाकिस्तान के पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान में ग्वादर बंदरगाह को जोड़ने वाली बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं का 3,000 किलोमीटर लंबा मार्ग है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह पाकिस्तान और चीन के बीच एक द्विपक्षीय परियोजना है, जिसका उद्देश्य ऊर्जा, औद्योगिक और अन्य बुनियादी ढाँचा विकास परियोजनाओं के साथ राजमार्गों, रेलवे एवं पाइपलाइन्स के नेटवर्क द्वारा पूरे पाकिस्तान में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देना है।
- यह चीन के लिये ग्वादर बंदरगाह से मध्य-पूर्व और अफ्रीका तक पहुँचने का मार्ग प्रशस्त करेगा ताकि चीन हिंद महासागर तक पहुँच प्राप्त कर सके तथा चीन बदले में पाकिस्तान के ऊर्जा संकट को दूर करने और लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था को स्थिर करने के लिये पाकिस्तान में विकास परियोजनाओं का समर्थन करेगा। **अतः कथन 2 सही है।**
    - CPEC, बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) का एक हिस्सा है।
    - वर्ष 2013 में शुरू किये गए 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' का उद्देश्य दक्षिण-पूर्व एशिया, मध्य एशिया, खाड़ी क्षेत्र, अफ्रीका और यूरोप को भूमि एवं समुद्री मार्गों के नेटवर्क से जोड़ना है।

**29. A**

**व्याख्या:**

- हाइड्रोजन ईंधन सेल एक विद्युत रासायनिक उपकरण है जो हाइड्रोजन को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- वे कोई टेलपाइप उत्सर्जन (गैसीय और कण प्रदूषकों का उत्सर्जन) नहीं करते हैं और केवल जल वाष्प एवं गर्म वायु का उत्सर्जन करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- वे आंतरिक दहन इंजन वाहनों की तुलना में बेहतर होते हैं।
    - ईंधन भरने में लगने वाले समय के मामले में हाइड्रोजन FCEV को बैटरी चालित इलेक्ट्रिक वाहनों की तुलना में लाभ होता है; एक ईंधन सेल वाहन में हाइड्रोजन को मिनटों में रिफिल किया जा सकता है, लगभग उतनी ही तेज़ी से जितनी तेज़ी से एक आंतरिक दहन इंजन को जीवाश्म ईंधन से भरा जा सकता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

**30. C**

**व्याख्या:**

- CAM एक चक्रीय प्रतिक्रिया है जो क्रसुलासी पौधों में प्रकाश संश्लेषण के अँधेरे चरण में होती है।
- यह एक CO2 निर्धारण प्रक्रिया है जिसमें प्रांभिक उत्पाद मैलिक अम्ल होता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह मेसोफिल कोशिकाओं में होने वाले केल्विन चक्र का तीसरा वैकल्पिक मार्ग है।
- CAM के पौधे आमतौर पर रसीले होते हैं और वे अत्यंत प्रतिकूल परिस्थितियों में विकसित होते हैं। इन पौधों में पत्तियाँ रसीली या मांसल होती हैं। इन पौधों में रात के समय रंध्र खुले रहते हैं और दिन के समय बंद रहते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

**31. A**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC) ने सेवा भारती और युवा विकास सोसायटी के साथ साझेदारी में ग्रामीण उद्यमी परियोजना के दूसरे चरण का शुभारंभ किया। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस पहल का लक्ष्य भारत के युवाओं को बहु-कौशल प्रदान करना और उन्हें उपयोगी कौशल सिखाना है जो उन्हें आजीविका के लिये सक्षम बनाएगा।
- कौशल विकास और उद्यम मंत्रालय (MSDE) के तत्वावधान में NSDC ने सेवा भारती केंद्र कौशल विकास केंद्र में सेक्टर कौशल परिषदों (SSCs) के माध्यम से प्रयोगशालाओं और कक्षाओं की स्थापना का समर्थन किया है।
- इस प्रयास से आदिवासी आबादी को आर्थिक सशक्तीकरण किया जाएगा। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**32. D**

**व्याख्या:**

- विज्ञान ज्योति योजना हाई स्कूल में मेधावी लड़कियों के लिये विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (STEM) को उनकी उच्च शिक्षा में आगे बढ़ाने के लिये एक समान अवसर प्रदान करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- 'विज्ञान ज्योति' को वर्ष 2019-20 में स्कूल स्तर पर शुरू किया गया था, जिसमें कक्षा 9-12 की मेधावी छात्राओं को उच्च शिक्षा में STEM पाठ्यक्रमों को और इसमें कॅरियर बनाने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है।
- विज्ञान ज्योति कार्यक्रम विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST) द्वारा शुरू किया गया था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- DST विभिन्न महिला केंद्रित कार्यक्रमों के माध्यम से विज्ञान और प्रौद्योगिकी (S&T) डोमेन में लैंगिक समानता लाने के लिये सक्रिय रूप से काम कर रहा है।

**33. C**

**व्याख्या:**

- **भारतीय ऊर्जा एक्सचेंज:**
    - यह भारत में विद्युत के भौतिक वितरण, नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाण-पत्र और ऊर्जा बचत प्रमाण-पत्र के लिये एक राष्ट्रव्यापी, स्वचालित व्यापार मंच प्रदान करने वाला पहला और सबसे बड़ा ऊर्जा एक्सचेंज है।
    - यह एक्सचेंज उचित मूल्य निर्धारण में सक्षम बनाता है और व्यापार निष्पादन की गति और दक्षता को बढ़ाते हुए भारत में विद्युत बाज़ार तक पहुँच और पारदर्शिता को बढ़ाता है।
    - यह 'नेशनल स्टॉक एक्सचेंज' (NSE) और 'बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज' (BSE) के साथ सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध कंपनी है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - यह केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (CERC) द्वारा अनुमोदित और विनियमित है तथा वर्ष 2008 से कार्यरत है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

- **उद्देश्य:**
  - उपभोक्ताओं की वहनीय ऊर्जा तक पहुँच स्थापित करने के लिये पारदर्शी और कुशल ऊर्जा बाज़ार स्थापित करके प्रौद्योगिकी और नवाचार का लाभ उठाना।

**34. D**

**व्याख्या:**

- 'टोमैटो फ्लू' से संक्रमित रोगी के शरीर पर लाल फफोले हो जाते हैं जो धीरे-धीरे बढ़कर एक सामान्य टमाटर के आकार के हो जाते हैं तथा इससे ग्रसित व्यक्ति को अत्याधिक पीड़ा होती है।
- यह फ्लू खुद-ब-खुद कम हो जाता है और इसके लिये कोई विशिष्ट दवा/इलाज नहीं है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह संक्रामक रोग आँतों के वायरस के कारण होता है जो वयस्कों में दुर्लभ होता है क्योंकि उनके पास आमतौर पर वायरस से बचाव के लिये पर्याप्त प्रतिरक्षा प्रणाली होती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- टोमैटो फ्लू का इलाज चिकनगुनिया, डेंगू, हैण्ड, फुट एंड माउथ डिजीज के इलाज के समान है।
  - इसमें मरीजों को सलाह जलन और चकत्ते से राहत के लिये खुद को आइसोलेट व आराम करने तथा तरल पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी जाती है। **अत: कथन 3 सही है।**

**35. B**

**व्याख्या:**

- भारत-रूस सैन्य-तकनीकी सहयोग एक क्रेता-विक्रेता ढाँचे से विकसित हुआ है जिसमें उन्नत रक्षा प्रौद्योगिकियों और प्रणालियों के संयुक्त अनुसंधान, विकास और उत्पादन शामिल हैं।
- दोनों देश नियमित रूप से त्रि-सेवा अभ्यास 'इंद्र' का आयोजन करते हैं।
- भारत और रूस के बीच संयुक्त सैन्य कार्यक्रमों में शामिल हैं:
  - ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल कार्यक्रम
  - 5वीं पीढ़ी का लड़ाकू जेट कार्यक्रम
  - सुखोई एसयू-30एमकेआई कार्यक्रम
  - इल्यूशिन/एचएएल सामरिक परिवहन विमान
  - KA-226T ट्विन-इंजन यूटिलिटी हेलीकॉप्टर। **अत: कथन 2 और 3 सही हैं।**
- विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य रूस से खरीदा गया था और यह एक संयुक्त कार्यक्रम नहीं है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- बराक मिसाइल कार्यक्रम भारत और इज़रायल के बीच एक संयुक्त उद्यम है। अत: कथन 4 सही नहीं है।

**36. C**

**व्याख्या:**

- UNFCCC, 1992 में पर्यावरण और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में हस्ताक्षरित किया गया, जिसे पृथ्वी शिखर सम्मेलन, रियो शिखर सम्मेलन या रियो सम्मेलन के रूप में भी जाना जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- सचिवालय की स्थापना वर्ष 1992 में हुई थी जब देशों ने UNFCCC को अपनाया था। सबसे पहले मुख्य सचिवालय जिनेवा में था। सचिवालय वर्ष 1996 से बॉन, जर्मनी में स्थित है।
- सम्मेलन में दो स्थायी सहायक निकायों (SB), अनुच्छेद 9 द्वारा वैज्ञानिक और तकनीकी सलाह के लिये सहायक निकाय (SBSTA) और अनुच्छेद 10 द्वारा कार्यान्वयन के लिये सहायक निकाय (SBI) की स्थापना की गई। **अत: कथन 2 सही है।**
- इस निकाय का प्राथमिक कार्य पार्टियों के सम्मेलन को सलाह देना है।

नोट :

37. C

**व्याख्या:**

- काले गैंडे दो अफ्रीकी गैंडों की प्रजातियों में सबसे छोटे होते हैं।
- काले गैंडों की संरक्षण स्थिति:
  - CITES: परिशिष्ट I.
  - IUCN रेड लिस्ट: गंभीर रुप से लुप्तप्राय। **अत: कथन 1 सही है।**
- काले गैंडों का वैज्ञानिक नाम डाइसेरोस बाइकोर्निस है।
- काले गैंडों का अर्द्ध-मरुस्थलीय, सवाना, वनभूमि, आर्द्रभूमि आदि अधिवास हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- इनके दो सींग होते हैं और कभी-कभी इन सींगों के पीछे, एक तीसरा छोटा सींग होता है।

38. D

**व्याख्या:**

- नोवा एक खगोलीय घटना है जिसमें तारकीय (तारों से संबंधित) सतह पर अस्थायी रूप से एक भीषण विस्फोट होता है, जिससे उनकी चमक लाखों गुना बढ़ जाती है, फिर हफ्तों या महीनों में धीरे-धीरे कालापन बढ़ता जाता है। **अत: कथन 1 और कथन 2 सही हैं।**
- यह एक बाइनरी प्रणाली में होता है जिसमें एक श्वेत वामन और एक मुख्य अनुक्रम तारा होता है। **अत: कथन 3 सही हैं।**
  - एक बाइनरी तारा प्रणाली तब होती है जब दो तारे एक ही द्रव्यमान के केंद्र के चारों ओर परिक्रमा करते हैं।
    - चमकीले तारे को आधिकारिक तौर पर प्राथमिक तारे के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, जबकि दोनों के बीच का धुंधला तारा गौण होता है।
  - श्वेत वामन ऐसे तारे हैं जिसमें एक बार परमाणु ईंधन के रूप में उपयोग किये गये सभी हाइड्रोजन का संलयन हो चूका होता है।
    - ऐसे तारों का घनत्त्व बहुत अधिक होता है। एक सामान्य श्वेत वामन हमारे सूर्य के आकार का आधा होता है और इसकी सतह का गुरुत्वाकर्षण पृथ्वी से 1,00,000 गुना अधिक होता है।

39. D

**व्याख्या:**

**स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण ( SBM-G ):**

- इसे वर्ष 2014 में जल शक्ति मंत्रालय द्वारा सार्वभौमिक स्वच्छता कवरेज प्राप्त करने के प्रयासों में तेज़ी लाने और स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित करने के लिये लॉन्च किया गया था।
- इसका उद्देश्य स्वच्छ और खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) भारत का लक्ष्य प्राप्त करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- मिशन को राष्ट्रव्यापी अभियान/जनांदोलन के रूप में लागू किया गया था जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में खुले में शौच को समाप्त करना था।
- **स्वच्छ भारत मिशन ( G ) चरण- I:**
- भारत में 2 अक्तूबर, 2014 को स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की शुरुआत के समय ग्रामीण स्वच्छता कवरेज 38.7 प्रतिशत दर्ज की गई थी।
- इस मिशन के अंतर्गत 10 करोड़ से ज़्यादा व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण किया गया जिसके परिमाणस्वरूप सभी राज्यों के ग्रामीण क्षेत्रों ने स्वयं को 2 अक्तूबर, 2019 को ODF घोषित कर दिया।
- **खुले में शौच मुक्त स्थिति:**
  - **ODF:** किसी क्षेत्र को ODF के रूप में अधिसूचित या घोषित किया जा सकता है यदि दिन के किसी भी समय, एक भी व्यक्ति खुले में शौच नहीं करता है।
  - **ODF+:** एक शहर को ODF+ घोषित किया जा सकता है, यदि किसी दिन किसी भी व्यक्ति को खुले में शौच और/या पेशाब करते हुए नहीं पाया जाता है और सभी सामुदायिक तथा सार्वजनिक शौचालय कार्यात्मक अवस्था में एवं सुव्यवस्थित हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

**नोट :**

- ◆ **ODF++:** एक शहर को ODF++ घोषित किया जा सकता है, यदि वह पहले से ही ODF+ स्थिति में है और वहाँ मल कीचड़/सेप्टेज (Faecal sludge/Septage) और नालियों का सुरक्षित रूप से प्रबंधन तथा उपचार किया जाता है एवं किसी प्रकार के अनुपचारित कीचड़/सेप्टेज (Sludge/Septage) और नालियों की निकासी जल निकायों या खुले क्षेत्रों के नालों में नहीं होती है।

**40. D**

**व्याख्या:**

- CBDC कागज़ी मुद्रा का डिजिटल रूप है और किसी भी नियामक संस्था द्वारा संचालित नहीं होने वाली क्रिप्टोकरेंसी के विपरीत केंद्रीय बैंक द्वारा जारी और समर्थित वैध मुद्रा है।
- यह फिएट मुद्रा के समान है और फिएट मुद्रा के साथ वन टू वन विनिमय योग्य है।
  - ◆ ब्लॉकचेन द्वारा समर्थित वॉलेट का उपयोग करके डिजिटल फिएट मुद्रा या CBDC का लेन-देन किया जा सकता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- बहामा अपनी राष्ट्रव्यापी CBDC सैंड डॉलर लॉन्च करने वाली पहली अर्थव्यवस्था है।
  - ◆ नाइज़ीरिया एक और देश है जिसने वर्ष 2020 में ईनायरा (eNaira) शुरू किया है।
  - ◆ चीन अप्रैल 2020 में डिजिटल मुद्रा e-CNY का संचालन करने वाली दुनिया की पहली बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**41. C**

**व्याख्या:**

- सामान्य शब्दों में कुल प्रजनन दर (TFR) का तात्पर्य उन बच्चों की कुल संख्या से है जो किसी महिला के अपने जीवनकाल में पैदा होते है या होने की संभावना होती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- प्रति महिला लगभग 2.1 बच्चों के टीएफआर को 'प्रतिस्थापन स्तर' कहा जाता है। प्रति महिला 2.1 बच्चों से कम टीएफआर इंगित करता है कि एक पीढ़ी स्वयं को प्रतिस्थापित करने हेतु पर्याप्त बच्चे पैदा नहीं कर रही है, अंतत: जनसंख्या में एकमुश्त कमी आई है।
- 'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार 'कुल प्रजनन दर' वर्ष 2015-16 में रिपोर्ट किये गए 2.2 से घटकर वर्ष 2019-2020 में 2.0 तक पहुँच गई है। **अत: कथन 2 सही है।**

**42. C**

**व्याख्या:**

- सरकार द्वारा संचालित अन्वेषक तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ONGC) भारत-चीन वास्तविक सीमा रेखा पर चुमार सड़क से दूर लद्दाख में स्थित पूगा घाटी में विद्युत उत्पन्न करने के लिये भू-तापीय ऊर्जा संयंत्र की स्थापना करेगा।
  - ◆ पूगा घाटी साल्ट लेक घाटी से लगभग 22 किलोमीटर दूर लद्दाख के दक्षिण-पूर्वी भाग में चांगथांग घाटी में स्थित है।
  - ◆ यह अत्यंत महत्त्वपूर्ण क्षेत्र है जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और भू-तापीय गतिविधियों के लिये जाना जाता है।
  - ◆ पूगा घाटी अपने सल्फर युक्त ऊष्ण झरने/हॉट सल्फर स्प्रिंग्स ( Hot Sulphur Springs) के लिये भी जानी जाती है। **अत: विकल्प C सही है।**

**43. A**


**व्याख्या:**

- व्यापक भागीदारी समझौता (CEPA) एक प्रकार का मुक्त व्यापार समझौता है जो सेवाओं और निवेश में व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी के अन्य क्षेत्रों पर होने वाली वार्ता को शामिल करता है ।
- यह व्यापार सुविधा और सीमा शुल्क सहयोग, प्रतिस्पर्द्धा और बौद्धिक संपदा अधिकार जैसे क्षेत्रों में पर भी विचार करता है।
- भारत ने संयुक्त अरब अमीरात और जापान के साथ CEPA पर हस्ताक्षर किये हैं। **अत: विकल्प A सही है।**

नोट :

**44. D**

**व्याख्या:**




उपर्युक्त सभी राष्ट्रीय उद्यान ओडिशा में स्थित हैं; **अतः विकल्प D सही है।**

**45. D**

**व्याख्या:**

- भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के अनुसार, जब किसी स्थान का अधिकतम तापमान मैदानी इलाकों में कम-से-कम 40 डिग्री सेल्सियस और पहाड़ी क्षेत्रों में कम-से-कम 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच जाता है, तो उसे ग्रीष्म लहर कहा जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यदि किसी स्थान का अधिकतम तापमान 40°C से कम या उसके बराबर है, तो सामान्य तापमान में 5 से 6 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि को ग्रीष्म लहर के रूप में देखा जाता है।
- ग्रीष्म लहरों को एक बड़ी आपदा के रूप में मान्यता प्रदान करना लंबे समय से बाकी है। भारत को अभी भी जन जागरूकता के निर्माण में एक लंबा मार्ग तय करना है, विशेष रूप से इस बात पर कि कैसे व्यक्ति और स्थानीय समुदाय ग्रीष्म लहर से अपनी सुरक्षा कर सकते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - ग्रीष्म लहरों को प्राकृतिक आपदा घोषित करने से राज्य और जिला प्रशासन को क्षेत्रीय स्तर पर ग्रीष्म लहर कार्य योजना तैयार करने में सहायता मिलेगी।

**46. D**

**व्याख्या:**

- स्मार्ट इंडिया हैकथॉन (SIH) की शुरुआत वर्ष 2017 में हुई थी।
- स्मार्ट इंडिया हैकथॉन एक राष्ट्रव्यापी पहल है जो छात्रों को दैनिक जीवन में आने वाली समस्याओं को हल करने के लिये एक मंच प्रदान करती है और इस प्रकार उत्पाद नवाचार पारितंत्र और समस्या-समाधान की दृष्टिकोण का विकास करती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- स्मार्ट इंडिया हैकथॉन शिक्षा मंत्रालय, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE), पर्सिस्टेंट सिस्टम्स और इंटर इंस्टीट्यूशनल इनक्लूसिव इनोवेशन सेंटर (i4C) की एक पहल है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

**47. D**

**व्याख्या:**

- बेनामी लेन-देन उन लेन-देन को संदर्भित करता है जिसमें लेन-देन के वास्तविक लाभार्थी और जिस व्यक्ति के नाम पर लेनदेन (विशेष रूप से संपत्तियों से संबंधित लेन-देन) किया जाता है, अलग-अलग होते हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **धारा 5:**
  - संपत्ति का स्वामित्व एक व्यक्ति के पास होता है, जबकि इसके लिये भुगतान करने वाला दूसरा व्यक्ति होता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - न्यायालय के अनुसार इस प्रावधान को पूर्वव्यापी रूप से लागू नहीं किया जा सकता है।

**48. A**

**व्याख्या:**

- पेन प्लस रणनीति प्रथम स्तर की संदर्भित स्वास्थ्य सुविधाओं में गंभीर गैर-संचारी रोगों (NCDs) को संबोधित करने के लिये क्षेत्रीय रणनीति है। अत: विकल्प A सही है।
- रणनीति का उद्देश्य पुराने और गंभीर NCDs रोगियों के उपचारखभाल में पहुँच के अंतर को समाप्त करना है।
- यह देशों से आग्रह करता है कि पुरानी और गंभीर गैर-संचारी रोगों से निपटने के लिये मानकीकृत कार्यक्रम स्थापित करें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ज़िला अस्पतालों में आवश्यक दवाएँ, प्रौद्योगिकियाँ तथा निदान उपलब्ध एवं पहुँच योग्य हैं।

**49. D**

**व्याख्या:**

- विंड टर्बाइन का आविष्कार लगभग एक सदी पूर्व हुआ था।
  - 1830 के दशक में विद्युत जनरेटर के आविष्कार के बाद, इंजीनियरों ने विद्युत उत्पादन के लिये पवन ऊर्जा का उपयोग करने का प्रयास करना शुरू कर दिया था।
  - पवन ऊर्जा का उत्पादन यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका में पहली बार वर्ष क्रमश: 1887 तथा वर्ष 1888 में हुआ था, लेकिन माना जाता है कि आधुनिक पवन ऊर्जा को सबसे पहले डेनमार्क में विकसित किया गया था।
  - **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- पवन ऊर्जा के सामान्य: दो प्रकार होते हैं: तटीय पवन फार्म जो भूमि पर पवन ऊर्जा के रूप में स्थापित होते हैं। अपटीय पवन फार्म जो जल संगठन में/समीप प्रतिष्ठान हैं।
  - अपतटीय पवन ऊर्जा का तात्पर्य जल निकायों के अंदर पवन फार्मों की तैनाती से है। वे बिज़ली उत्पन्न करने के लिये समुद्री हवाओं का उपयोग करते हैं। ये पवन फार्म या तो फिक्स्ड-फाउंडेशन टर्बाइन या फ्लोटिंग विंड टर्बाइन का उपयोग करते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है। अत: विकल्प D सही है।**

**50. B**

**व्याख्या:**

- भारत और बांग्लादेश के संयुक्त नदी आयोग का गठन वर्ष 1972 में एक द्विपक्षीय तंत्र के रूप में किया गया था ताकि साझा/सीमा/ सीमावर्ती नदियों पर आपसी हित के मुद्दों का समाधान किया जा सके। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह सामान्य नदी प्रणालियों के लाभों को अधिकतम करने में सबसे प्रभावी संयुक्त प्रयासों को सुनिश्चित करने के लिये स्थापित किया गया था। भारत और बांग्लादेश 54 नदियों के जल को साझा करते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- JRC का नेतृत्त्व दोनों देशों के जल संसाधन मंत्री करते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**नोट :**

**51. C**

**व्याख्या:**

- नमामि गंगे कार्यक्रम एकीकृत संरक्षण मिशन है, जिसे जून 2014 में केंद्र सरकार द्वारा 'प्रमुख कार्यक्रम' के रूप में अनुमोदित किया गया था ताकि प्रदूषण के प्रभावी उन्मूलन और राष्ट्रीय नदी गंगा के संरक्षण एवं कायाकल्प के दोहरे उद्देश्यों को पूरा किया जा सके। **अत: कथन 1 सही है।**
- राष्ट्रीय गंगा परिषद (NGC) ने राष्ट्रीय गंगा नदी बेसिन प्राधिकरण (NGRBA) का स्थान लिया।
- राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (NMCG) को सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के तहत सोसायटी के रूप में पंजीकृत किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**
- राष्ट्रीय गंगा परिषद का गठन पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम (EPA), 1986 के तहत किया गया था।

**52. D**

**व्याख्या:**

- व्हाइट फंगस' या 'कैंडिडिआसिस' एक कवक संक्रमण है, जो 'कैंडिडा' नामक यीस्ट (एक प्रकार का कवक) के कारण होता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह अक्सर गहन देखभाल इकाई (ICU) रोगियो, कैंसर रोगियों और प्रतिरक्षा-प्रणाली की कम सक्रियता वाले (Immunosuppressive) रोगियों को प्रभावित करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
    - कैंडीडा अल्बिकन्स कवक (फंगस) की एक प्रजाति है, जो कुछ कमज़ोर प्रतिरक्षा-स्थितियों जैसे एड्स या कैंसर के उपचार के दौरान रुग्णता और मृत्यु दर की उच्च दर पैदा करने के लिये जाना जाता है।
    - यह स्वस्थ व्यक्तियों के जठरांत्र (गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल) और मूत्रजननांगी (यूरोजेनिटल) नलिकाओं के श्लेष्मिक (म्यूकोसल) सतह में रहता है।
    - इसके अलावा, यह कमज़ोर प्रतिरक्षा-स्थितियों के तहत एक रोगजनक (पैथोजेनिक) अवयव में बदल जाता है, जिससे इन्हें आश्रय देने वाली (होस्ट) रक्षा सतह को क्षति के साथ ही रोगी के जीवन के लिये प्रणालीजन्य खतरे वाला संक्रमण भी उत्पन्न हो जाता है।

**53. C**

**व्याख्या:**

- भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग एक सांविधिक निकाय है जो प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 के उद्देश्यों को लागू करने के लिये उत्तरदायी है। इसका विधिवत गठन मार्च 2009 में किया गया था।
- आयोग एक अर्द्ध-न्यायिक निकाय (Quasi-Judicial Body) है जो सांविधिक प्राधिकरणों को परामर्श देने के साथ-साथ अन्य मामलों को भी संबोधित करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - अर्द्ध-न्यायिक निकाय ऐसा संगठन है, जिसके पास कानून लागू करने वाली निकायों (जैसे- न्यायालय) के समान शक्ति होती है, किंतु ये न्यायालय नहीं होते।
- आयोग में एक अध्यक्ष और छह सदस्य होते हैं जिन्हें केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है।
    - अध्यक्ष और अन्य सदस्य पूर्णकालिक सदस्य होंगे। **अत: कथन 2 सही है।**

**54. B**

**व्याख्या:**

- F/A-18 सुपर हॉर्नेट ब्लॉक III संयुक्त राज्य अमेरिका का दुनिया का सबसे उन्नत, कॉम्बैट प्रुवेन, बहु-भूमिका वाला फ्रंटलाइन नौसैनिक लड़ाकू व्हीकल है। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- मिग,आर्टेम मिकोयान (M) और मिखाइल गुरेविच द्वारा वर्ष 1939 में स्थापित डिज़ाइन ब्यूरो द्वारा निर्मित रूसी सैन्य लड़ाकू विमान का सदस्य है। अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।

नोट :

- फ्राँसीसी निर्मित डसॉल्ट राफेल हथियार ले जाने की क्षमताओं के साथ-साथ गतिशीलता के लिये जाना जाता है। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**

**55.C**

**व्याख्या: सदर्न राइस ब्लैक-स्ट्रीक्ड ड्वार्फ वायरस' (SRBSDV):**

- सदर्न राइस ब्लैक-स्ट्रीक्ड ड्वार्फ वायरस (SRBSDV) 10 डबल-स्ट्रैंडेड राइबोन्यूक्लिक एसिड RNA सेगमेंट के जीनोम के साथ गैर-आच्छादित (Non-Enveloped) इकोसाहेड्रल वायरस है, जो जीनस फिजीवायरस परिवार (Reoviridae) प्रजाति है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - इकोसाहेड्रल वायरस एक समान उप-इकाइयों से युक्त एक वायरस है जो समबाहु त्रिभुज सदृश होते हैं जो एक सममित क्रम में व्यवस्थित होते हैं।
- SRBSDV व्हाइट-बैक्ड प्लांट हॉपर (WBPH) द्वारा निरंतर संचार और संक्रामक तरीके से प्रेषित होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- चावल के अलावा, SRBSDV विभिन्न खरपतवार प्रजातियों को भी संक्रमित करता है क्योंकि WBPH के निम्फ, वयस्कों की तुलना में वायरस को अधिक तीव्रता से प्रसारित कर सकती हैं।
  - इस वायरस का लंबी दूरी तक संचरण WBPH के माध्यम से हो सकता है जो तूफान और तीव्र संवहन हवाओं के साथ पलायन करते हैं।

**56. B**

**व्याख्या:**

- हाल ही में भारत-अमेरिका संयुक्त विशेष बलों ने अभ्यास वज्र प्रहार 2022 के 13वें संस्करण का आयोजन बकलोह (हिमाचल प्रदेश) में किया। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- वज्र प्रहार 2022 वार्षिक अभ्यास का 13वाँ संस्करण है।
- इस संयुक्त अभ्यास का मुख्य उद्देश्य संयुक्त मिशन योजना और परिचालन रणनीति जैसे क्षेत्रों में सर्वोत्तम प्रथाओं और अनुभवों को साझा करना है।
- दोनों देशों के विशेष बलों को संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत एक संयुक्त वातावरण में हवाई संचालन, विशेष संचालन और आतंकवाद विरोधी अभियानों में प्रशिक्षित करने का अवसर प्रदान किया। **अतः कथन 2 सही है।**

**57. C**

**व्याख्या:**

- लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 में संशोधन करने के लिये संसद ने चुनाव कानून (संशोधन) अधिनियम, 2021 पारित किया तथा धारा 23(4) को लोक प्रतिनिधित्त्व अधिनियम, 1950 में शामिल किया गया।
- मतदाता सूची डेटा और मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से जोड़ने के लिये चुनाव कानून (संशोधन) अधिनियम, 2021 पेश किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- 'सेवा मतदाताओं की पत्नियों' के पंजीकरण की भाषा को अब 'पति/पत्नी' शब्द से प्रतिस्थापित कर दिया जाएगा।
- इसका मूल उद्देश्य मतदाताओं के दोहराव की समस्या को समाप्त करना है, जैसे कि प्रवासी श्रमिक जो विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाता सूची में एक से अधिक बार पंजीकृत हो जाते हैं या एक ही निर्वाचन क्षेत्र में कई बार पंजीकृत व्यक्तियों के लिये यह संशोधन किया जाएगा। **अतः कथन 2 सही है।**
- मतदाता पहचान के साथ आधार डेटा को जोड़ने से दूरस्थ मतदान की अनुमति मिलेगी यह एक ऐसा उपाय है जो प्रवासी मतदाताओं की सहायता कर सकता है।

**58. C**

**व्याख्या:**

- स्पेनिश भाषा में ला नीना का अर्थ होता है छोटी लड़की। इसे कभी-कभी अल विएखो, एंटी-अल नीनो या "एक शीत घटना" भी कहा जाता है।
  - ला नीना घटनाएँ पूर्व-मध्य विषुवतीय प्रशांत महासागरीय क्षेत्र में औसत समुद्री सतही तापमान से निम्न तापमान का द्योतक हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- अल नीनो एक जलवायु प्रणाली है जो पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर में सतही जल के तापमान में असामान्य रूप से वृद्धि के लिये ज़िम्मेदार होता है।
  - अल नीनो-दक्षिणी दोलन (ENSO) नामक एक बड़ी घटना का "उष्ण चरण" है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- अल नीनो समुद्र की सतह के तापमान, उसकी धाराओं की गति, तटीय मत्स्य पालन एवं ऑस्ट्रेलिया से दक्षिण अमेरिका और उससे संलग्न अन्य क्षेत्रों के स्थानीय मौसम को भी प्रभावित करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**59. D**

**व्याख्या:**

- वर्ष 2021 में सरकार ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के नाम पर देश के सर्वोच्च खेल सम्मान राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार का नाम बदल दिया। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह चार साल की अवधि में किसी खिलाड़ी द्वारा खेल के क्षेत्र में शानदार और सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा दिया जाने वाला सर्वोच्च खेल पुरस्कार है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इस पुरस्कार में एक पदक, एक प्रमाण पत्र और 7.5 लाख रुपये का नकद पुरस्कार शामिल है।
- खेल रत्न पुरस्कार वर्ष 1991-1992 में स्थापित किया गया था और पहले प्राप्तकर्त्ता शतरंज के दिग्गज विश्वनाथन आनंद थे। **अत: कथन 3 सही है।**
  - अन्य विजेताओं में लिएंडर पेस, सचिन तेंदुलकर, धनराज पिल्लई, पुलेला गोपीचंद, अभिनव बिंद्रा, अंजू बॉबी जॉर्ज, मैरी कॉम और रानी रामपाल हैं।

**60. D**

**व्याख्या:**

### भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI):

- UIDAI, आधार अधिनियम 2016 के प्रावधानों का पालन करते हुए 12 जुलाई 2016 को भारत सरकार द्वारा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में स्थापित एक वैधानिक प्राधिकरण है।
- UIDAI की स्थापना भारत सरकार द्वारा जनवरी 2009 में योजना आयोग के तत्त्वावधान में एक संलग्न कार्यालय के रूप में की गई थी।
- आधार ने गरीबों को एक सत्यापन योग्य पहचान प्रदान करके बैंक खाते खोलने की सुविधा प्रदान की है, इसने 'फिक्स-ऑल' समाधान होने का दावा करके वित्तीय समावेशन के उद्देश्य से आकर्षित किया है। **अत: कथन 1 सही है।**

### बैंकों का राष्ट्रीयकरण:

- बैंकों के राष्ट्रीयकरण ने शाखाओं के विस्तार में मदद की और इस तरह अधिक से अधिक लोगों तक पहुँच बनाई। इसके अलावा, कृषि, लघु उद्योगों और संबद्ध क्षेत्रों के ऋण वितरण में भी वृद्धि हुई है। **अत: कथन 2 सही है।**

### क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी):

- क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अधिनियम, 1976 के तहत क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को सरकार द्वारा प्रायोजित क्षेत्र-आधारित ग्रामीण ऋण देने वाली संस्थाओं के रूप में स्थापित किया गया था। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को स्थानीय अभिविन्यास और सहकारी समितियों की लघु-स्तरीय ऋण संस्कृति और वाणिज्यिक बैंकों की व्यावसायिक संस्कृति के संयोजन के रूप में हाइब्रिड माइक्रो बैंकिंग संस्थानों के रूप में चिह्नित किया गया था। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

61. D

**व्याख्या:**

- समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (UNCLOS), 1982 अंतर्राष्ट्रीय समझौता है जो समुद्री और समुद्री गतिविधियों के लिये कानूनी ढाँचा स्थापित करता है।
- इसे समुद्र का नियम भी कहा जाता है। यह समुद्री क्षेत्रों को पाँच मुख्य क्षेत्रों में विभाजित करता है, अर्थात् आंतरिक जल, प्रादेशिक सागर, सन्निहित क्षेत्र, अनन्य आर्थिक क्षेत्र (EEZ) और उच्च समुद्र।
- यह एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन है जो समुद्री क्षेत्र में राज्य के अधिकार क्षेत्र के लिये रूपरेखा निर्धारित करता है। यह विभिन्न समुद्री क्षेत्रों को अलग कानूनी स्थिति प्रदान करता है। **अतः विकल्प D सही है।**

62. C

**व्याख्या:**

- प्राय: ओटीटी (OTT) या ओवर-द-टॉप प्लेटफॉर्म का प्रयोग ऑडियो और वीडियो होस्टिंग तथा स्ट्रीमिंग सेवा प्रदाता के रूप में किया जाता है, जिनकी शुरुआत तो असल में कंटेंट होस्टिंग प्लेटफॉर्म के रूप में हुई थी।
- सरकार ने OTT प्लेटफार्मों को विनियमित करने के लिये फरवरी 2022 में सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया नैतिकता संहिता) नियम वर्ष 2021 को अधिसूचित किया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- ये प्लेटफॉर्म उपयोगकर्त्ताओं को व्यापक कंटेंट प्रदान करने साथ-साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) का इस्तेमाल करते हुए उन्हें कंटेंट के संबंध में सुझाव भी प्रदान करते हैं।
- यह नियम OTT प्लेटफॉर्म के लिये आचार संहिता और त्रि-स्तरीय शिकायत निवारण तंत्र के साथ एक सॉफ्ट-टच स्व-नियामक आर्किटेक्चर स्थापित करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- कुछ उदाहरण नेटफ्लिक्स, डिज्नी +, अमेज़ॅन प्राइम वीडियो आदि हैं।

63. D

**व्याख्या:**




- आर्कटिक परिषद की स्थापना वर्ष 1996 में 'ओटावा घोषणा' के माध्यम से हुई।
  - घोषणा में निम्नलिखित देशों को आर्कटिक परिषद के सदस्यों के रूप में सूचीबद्ध किया गया है: कनाडा, डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे, रूसी संघ, स्वीडन और संयुक्त राज्य अमेरिका।
  - ये सभी देश आर्कटिक परिषद का हिस्सा हैं, जो एक अंतर-सरकारी मंच है जिसका गठन इस क्षेत्र में परस्पर सहयोग को बढ़ावा देने के लिये किया गया था। **अतः विकल्प D सही है।**

नोट :

**64. B**

**व्याख्या:**

- नई दिल्ली में NCRB के मुख्यालय की स्थापना वर्ष 1986 में गृह मंत्रालय के तहत अपराध और अपराधियों पर सूचना के भंडार के रूप में कार्य करने के लिये की गई थी ताकि अपराधियों के संबंध में जांचकर्त्ताओं की सहायता की जा सके। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- NCRB को 'ऑनलाइन साइबर-अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल' के तकनीकी और परिचालन कार्यों का प्रबंधन करने के लिये केंद्रीय नोडल एजेंसी के रूप में भी नामित किया गया है, जिस पोर्टल पर कोई भी नागरिक शिकायत दर्ज करा सकता है या चाइल्ड पोर्नोग्राफी या बलात्कार/सामूहिक बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों के संबद्ध में सबूत के तौर पर विडियो अपलोड कर सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इंटर-ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (ICJS) के क्रियान्वयन की ज़िम्मेदारी भी NCRB को दी गई है।
- ICJS देश में आपराधिक न्याय प्रदान करने के लिये प्रयोग की जाने वाली मुख्य आईटी प्रणाली के एकीकरण को सक्षम करने के लिये एक राष्ट्रीय मंच है।
- यह प्रणाली के पाँच स्तंभों जैसे पुलिस (अपराध और आपराधिक ट्रैकिंग और नेटवर्क सिस्टम के माध्यम से), फोरेंसिक लैब के लिये ई-फोरेंसिक, न्यायालयों के लिये ई-कोर्ट, लोक अभियोजकों के लिये ई-अभियोजन और जेलों के लिये ई-जेल को एकीकृत करने का प्रयास करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**65. C**

**व्याख्या:**

- भारत की सागर नीति एकीकृत क्षेत्रीय ढाँचा है, जिसका अनावरण भारतीय प्रधानमंत्री ने मार्च 2015 में मॉरीशस की यात्रा के दौरान किया था। यह हिंद महासागर क्षेत्र (IOR) के लिये भारत का रणनीतिक दृष्टिकोण है।
- भारत IOR क्षेत्र में अपने समुद्री पड़ोसियों के साथ आर्थिक और सुरक्षा सहयोग को मज़बूत करने और उनकी समुद्री सुरक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के प्रयास ज़ारी रखेगा। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसके अलावा भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना चाहता है और हिंद महासागर क्षेत्र को समावेशी, सहयोगी और अंतर्राष्ट्रीय कानून का सम्मान करना सुनिश्चित करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- सागर की प्रमुख प्रासंगिकता तब सामने आती है जब भारत की अन्य नीतियों जो समुद्री क्षेत्र को प्रभावित करती हैं जैसे एक्ट ईस्ट पॉलिसी, प्रोजेक्ट सागरमाला, प्रोजेक्ट मौसम, भारत 'नेट सुरक्षा प्रदाता' के रूप में, ब्लू इकोनॉमी पर ध्यान केंद्रित करना आदि।
- सागर की प्रमुख प्रासंगिकता तबसामने आती है जब इसे समुद्री क्षेत्र को प्रभावित करने वाली भारत की अन्य नीतियों जैसे एक्ट ईस्ट पॉलिसी, प्रोजेक्ट सागरमाला, प्रोजेक्ट मौसम, भारत 'नेट सुरक्षा प्रदाता, ब्लू इकोनॉमी आदि के साथ देखा जाता है।

**66. D**

**व्याख्या:**

- बादल फटना एक छोटे से क्षेत्र में छोटी अवधि की तीव्र वर्षा की घटना है।
- यह लगभग 20-30 वर्ग किमी. के भौगोलिक क्षेत्र में 100 मिमी./घंटा से अधिक अप्रत्याशित वर्षा के साथ एक मौसमी घटना है।
- भारतीय उपमहाद्वीप में आमतौर पर यह घटना तब घटित होती है जब मानसून उत्तर की ओर, बंगाल की खाड़ी या अरब सागर से मैदानी इलाकों में और फिर हिमालय की ओर बढ़ता है जो कभी-कभी प्रति घंटे 75 मिलीमीटर वर्षा करता है।
- सापेक्षिक आर्द्रता और मेघ आवरण, निम्न तापमान एवं धीमी हवाओं के साथ अधिकतम स्तर पर होता है, जिसके कारण बादल बहुत अधिक मात्रा में तीव्र गति से संघनित होते हैं और इसके परिणामस्वरूप बादल फट सकते हैं। **अतः विकल्प D सही है।**

**67. C**

**व्याख्या:**

- अनुसूचित जनजाति और अन्य पारंपरिक वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम (आमतौर पर वन अधिकार अधिनियम या FRA के रूप में संदर्भित), 2006 की धारा 3(1)(i) के तहत सामुदायिक वन संसाधन अधिकार सामुदायिक वन संसाधनों को "संरक्षण, पुनः उत्पन्न या संरक्षित या प्रबंधित" करने के अधिकार की मान्यता प्रदान करते हैं।

नोट :

- ये अधिकार समुदाय को वनों के उपयोग के लिये स्वयं और दूसरों के लिये नियम बनाने की अनुमति देते हैं तथा इस तरह FRA की धारा 5 के तहत अपनी ज़िम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- ये अधिकार ग्राम सभा को सामुदायिक वन संसाधन सीमा के भीतर वन संरक्षण और प्रबंधन की स्थानीय पारंपरिक प्रथाओं को अपनाने का अधिकार देते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

**68. D**

**व्याख्या:**

- साइबर या साइबर सुरक्षा खतरा एक दुर्भावनापूर्ण कार्य है जो डेटा को व्यक्तिगत डेटा के साथ छेड़छाड़ करता है, उसकी चोरी करता है या सामान्य रूप से डिजिटल प्रक्रिया को बाधित कने का प्रयास करता है। इसमें कंप्यूटर वायरस, डेटा ब्रीच, डिनायल ऑफ सर्विस (DoS) अटैक और अन्य कारक शामिल हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- विभिन्न प्रकार:
  - मैलवेयर: दुर्भावनापूर्ण सॉफ़्टवेयर के लिये प्रयोग किया जाने वाला संक्षिप्त शब्द 'मैलवेयर' किसी भी प्रकार के सॉफ्टवेयर को संदर्भित करता है जिसे किसी एकल कंप्यूटर, सर्वर या कंप्यूटर नेटवर्क को हानि पहुँचाने के लिये डिज़ाइन किया गया है। रैंसमवेयर, स्पाई वेयर, वर्म्स, वायरस और ट्रोजन मैलवेयर का प्रमुख प्रकार हैं।
  - फिशिंग: यह भ्रामक ई-मेल और वेबसाइटों का उपयोग करके व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करने का का एक तरीका है। **अतः कथन 2 सही है।**
- साइबर सुरक्षा फर्म कास्परस्की (Kaspersky) का एक अध्ययन एशिया प्रशांत क्षेत्र में एंड्रॉयड और iOS उपकरणों पर साइबर हमले में वृद्धि की चेतावनी देता है, क्योंकि इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग मोबाइल बैंकिंग सुविधाओं का उपयोग करते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**69. D**

**व्याख्या:**

- **परिचय:**
  - सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा फरवरी 2022 में विमुक्त/घुमंतू/अर्द्ध-घुमंतू (SEED) समुदायों के आर्थिक सशक्तिकरण की योजना शुरू की गई थी।
  - इसका उद्देश्य इन छात्रों को मुफ्त प्रतियोगी परीक्षा कोचिंग प्रदान करना, परिवारों को स्वास्थ्य बीमा प्रदान करना, साथ ही आजीविका पहल के माध्यम से इन समुदायों के समूहों का उत्थान करना एवं आवास के लिये वित्तीय सहायता प्रदान करना है।
- **घटक:**
  - इन समुदायों के छात्रों को सिविल सेवा, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, MBA आदि जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिये मुफ्त कोचिंग।
  - राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के प्रधानमंत्री आवास योजना (PMJAY) के माध्यम से स्वास्थ्य बीमा
  - आय सृजन हेतु आजीविका
  - आवास (प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से)। **अतः विकल्प D सही है।**

**70. A**

**व्याख्या:**

- **अलकनंदा नदी:**
  - यह गंगा की प्रमुख सहायक नदियों में से एक है।
  - इसका उद्‌गम उत्तराखंड के संतोपंथ ग्लेशियर से होता है।
  - यह देवप्रयाग में भागीरथी नदी से मिलती है जिसके बाद इसे गंगा कहा जाता है।
  - इसकी मुख्य सहायक नदियाँ मंदाकिनी, नंदाकिनी और पिंडार नदियाँ हैं।

नोट :

- **गोदावरी नदी:**
  - गोदावरी नदी तंत्र प्रायद्वीपीय भारत का सबसे बड़ा नदी तंत्र है। इसे दक्षिण की गंगा भी कहा जाता है।
  - **उद्भव:** गोदावरी नदी महाराष्ट्र में नासिक के पास त्र्यंबकेश्वर से निकलती है और बंगाल की खाड़ी में गिरने से पहले लगभग 1465 किलोमीटर की दूरी तय करती है।
  - **अपवाह तंत्र:** गोदावरी बेसिन महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा राज्यों के अलावा मध्य प्रदेश, कर्नाटक तथा पुदुचेरी के मध्य क्षेत्र के छोटे हिस्सों में फैला हुआ है।
  - **सहायक नदियाँ:** प्रवरा, पूर्णा, मंजरा, पेनगंगा, वर्धा, वेनगंगा, प्राणहिता (वेनगंगा, पेनगंगा, वर्धा का संयुक्त प्रवाह), इंद्रावती, मनेर और सबरी। **अतः विकल्प A सही है।**

दृष्टि The Vision

नोट :